श्रावण शुक्ल पक्ष-5, 2081 | dopaharmetro | epaper.dopaharmetro.com | dopaharmetro | वर्ष-08, अंक - 50 | पेज 8, मूल्य 2 रुपए

डाक पंजीयन क्रमांक: म.प्र./4-474/2024-26

भोपाल
09 अगस्त 2024 शुक्रवार

आज का मौसम
31 अधिकतम
24 न्यूनतम

बेबाक खबर हर दोपहर

# दोपहर मेट्रो




# 17 महीने बाद सिसौदिया को सुप्रीम कोर्ट से मिली जमानत

## कोर्ट ने कहा- सुरक्षित खेल रहे हैं हाइकोर्ट व ट्रायल कोर्ट

**नई दिल्ली , एजेंसी।**

बहुचर्चित और विवादित आबकारी नीति के चलते पिछले 17 महीनों से जेल में बंद दिल्ली के पूर्व डिप्टी सीएम को सुप्रीम कोर्ट से अंततः बड़ी राहत मिल गई । सर्वोच्च अदालत ने उन्हें आबकारी मामले में आज सुबह जमानत दे दी। तीन दिन पहले ही कोर्ट ने इस मामले में अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। आज फैसला सुनाते हुए कहा- 'जमानत के मामले में हाईकोर्ट और ट्रायल कोर्ट सुरक्षित खेल खेल रहे हैं। सजा के तौर पर जमानत से इनकार नहीं किया जा सकता। अब समय आ गया है कि अदालतें समझें कि जमानत एक नियम है और जेल एक अपवाद है।'

अदालत ने सिसोदिया को तीन शर्तों पर जमानत दी है। पहला यह कि उन्हें 10 लाख रुपए का मुचलका भरना होगा। इसके अलावा उन्हें दो जमानतदार पेश करने होंगे। वहीं, तीसरी शर्त यह है कि वह अपना पासपोर्ट सरेंडर कर देंगे। इस दौरान अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू ने सुप्रीम कोर्ट से अनुरोध किया कि सिसोदिया को दिल्ली के मुख्यमंत्री कार्यालय में प्रवेश करने से रोक दिया जाए। लेकिन सुप्रीम कोर्ट की बेंच ने कहा कि हम इसकी अनुमति नहीं दे सकते हैं। स्वतंत्रता का मामला हर दिन मायने रखता है।



### दाखिल की गईं अलग-अलग याचिकाएं

सुप्रीम कोर्ट ने कहा इस मामले में ट्रिपल टेस्ट आड़े नहीं आएगा, क्योंकि यहां मामला ट्रॉयल के शुरू होने मे देरी को लेकर है। निचली अदालत ने राइट टू स्पीडी ट्रॉयल को अनदेखा दिया और मेरिट के आधार पर जमानत नहीं दी। जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस केवी विश्वनाथ की पीठ ने 6 अगस्त को फैसला सुरक्षित रखा था।

# विनेश को मैडल की उम्मीद बढ़ी साल्वे लड़ेंगे केस

## दोपहर से शुरू होगी सुनवाई

**पेरिस, एजेंसी।**

भारतीय पहलवान विनेश फोगाट को पदक मिलने की उम्मीद अभी कायम है। कोर्ट ऑफ आर्बिट्रेशन फॉर स्पोर्ट्स से उसे बड़ी राहत मिली है। उनके अनुरोध पर वरिष्ठ वकील हरीश साल्वे ने उनका केस लेने की भी हामी भर दी है। दरअसल, पेरिस में चल रहे ओलंपिक खेलों के दौरान हुए विवादों के निपटारे के लिए सीएएस का एक विशेष विभाग बनाया गया है। फोगाट के मामले की सुनवाई अब आज भारतीय समयानुसार दोपहर एक बजकर 30 मिनट पर शुरू हो रही है। विनेश फोगाट को 7 अगस्त को 50 किलोग्राम वर्ग के गोल्ड मेडल मुकाबले से पहले वजन से 100 ग्राम अधिक होने के कारण अयोग्य घोषित कर दिया गया था। उन्होंने दोबारा वजन करने की अपील की थी, जिसे अदालत ने खारिज कर दिया और गोल्ड मेडल का मुकाबला तय समय पर हुआ। विनेश ने सही वजन के साथ प्रदर्शन के आधार पर रजत पदक देने की मांग की है। सीएएस ने भारतीय दल को कानूनी प्रतिनिधित्व को अंतिम रूप देने के लिए आज रात 9.30 बजे तक का समय दिया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, पेरिस के चार वकील फिलहाल विनेश का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं, लेकिन हरीश साल्वे के जुड़ने से अब भारतीय ओलंपिक संघ को फैसला अपने पक्ष में आने की उम्मीद है।



## 50 फीसदी आरक्षण के बाद स्थिति हो चुकी है स्ट्रांग

# महिला सरपंचों के अधिकारों में होगा इजाफा, सीएम हाउस में सम्मेलन


फाइल फोटो

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

मुख्यमंत्री निवास पर आज रक्षाबंधन के ठीक पहले महिलाओं का बड़ा जमावड़ा है। मुख्यमंत्री मोहन यादव महिला सरपंच सम्मेलन के जरिए इनसे मुखातिब हैं और कई राहतों का ऐलान कर रहे हैं। इसे रानी दुर्गावती महिला सरपंच सम्मेलन नाम दिया गया है। इस मौके पर महिला सरपंचों ने पुष्प वर्षा से सीएम का स्वागत किया। दरअसल, पंचायती राज में महिलाओं को दिए गए 50 फीसदी आरक्षण से पंचायती राज व्यवस्था में महिला जनप्रतिनिधियों की संख्या बड़ी है। अब महिला जनप्रतिनिधियों को अधिकार संपन्न बनाने के लिए आज के सम्मेलन में पंचायती राज व्यवस्था को लेकर चर्चा हो रही है। सम्मेलन में पंचायत मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल, राज्यमंत्री राधा सिंह के अलावा राज्य सरकार की महिला मंत्री, विधायक हैं। सम्मेलन में अलग-अलग जिलों की चार महिला सरपंच भी मंच से संबोधित कर रहीं हैं।

**सीएम देंगे रक्षाबंधन के उपहारः** सम्मेलन के बाद महिला सरपंच सीएम डॉ मोहन यादव को राखी बांधेंगी और सीएम सरपंचों को रक्षाबंधन के उपहार देंगे। पहली बार सीएम हाउस में महिला सरपंचों का सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है।

## लहार में कांग्रेस का शक्ति प्रदर्शन, दिग्गज जुटे

आज मप्र कांग्रेस का भ्रष्टाचार,महंगाई,बेरोजगारी जैसे मुद्दों को लेकर भिंड के लहार मे जोरदार प्रदर्शन करने की तैयारी है। प्रदर्शन दोपहर दो बजे के आसपास है। इसके लिये दिग्विजय सिंह,अरूण यादव,अजय सिंह,जीतू पटवारी,डा गोविंद सिंह समेत कई नेता व कार्यकर्ता जुटे हैं। प्रदर्शन के बाद एक रैली भी निकलेगी। दरअसल कांग्रेस ने पूरे अगस्त महीने में 'अगस्त क्रांति ' की तर्ज पर अलग-अलग शहरों में प्रदर्शन कर रही है। इसके लिये पार्टी ने अपने बड़े पॉवर सेंटर्स को चुना है। 13 को मुख्यमंत्री के क्षेत्र उज्जैन में भी बडा प्रदर्शन है तथा 30 अगस्त को यूथ कांग्रेस का युवा क्रांति आंदोलन भोपाल में होगा।

## विवेक सागर को एक करोड़ रुपए देगी मप्र सरकार

हॉकी के ओलंपिक इतिहास में लगातार दूसरी बार भारत के ब्रॉन्ज मेडल जीतने पर हॉकी टीम में मध्यप्रदेश के खिलाड़ी विवेक सागर प्रसाद को मध्यप्रदेश सरकार 1 करोड़ रुपए की प्रोत्साहन राशि देगी। आज मुख्यमंत्री डा यादव ने दी विवेक सागर को फोन पर बधाई दी और यह ऐलान किया।

## पीएम मोदी ने एक्स पर बदली प्रोफाइल फोटो



**नई दिल्ली , एजेंसी।**

हर घर तिरंगा अभियान के तहत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वतंत्रता दिवस से पहले सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अपनी प्रोफाइल तस्वीर बदलकर 'तिरंगा' (भारतीय ध्वज) कर दी है। पीएम मोदी ने देशवासियों से 'हर घर तिरंगा' अभियान में शामिल होने का आग्रह किया। मोदी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि इस साल का स्वतंत्रता दिवस नजदीक आ रहा है, आइए फिर से हर घर तिरंगा अभियान को एक यादगार जन आंदोलन बनाएं। मैं अपनी प्रोफाइल फोटो बदल रहा हूं और आप सभी से आग्रह करता हूं कि ऐसा करके हमारे तिरंगे का सम्मान करने में मेरा साथ दें। उन्होंने लोगों से हर घर तिरंगा डाट कॉम पर अपनी सेल्फी साझा करने का भी अपील की। आजादी के महापर्व को विशेष बनाने के लिए केंद्र सरकार नौ अगस्त से देश भर में हर घर तिरंगा अभियान चलाती है।

# पूर्वी मप्र को राहत, हल्की बारिश का दौर अब भोपाल-इंदौर में



**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

मप्र में बारिश का दौर अब अंचलवार चल रहा है। पूर्वी हिस्से जबलपुर, शहडोल, सागर और रीवा संभाग के 21 जिलों में बारिश को लेकर राहत है यहां अब अगले पांच छह दिन बारिश नहीं होगी। धूप भी खिली रहेगी। जबकि पश्चिमी हिस्से भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, नर्मदापुरम, उज्जैन और चंबल में गरज-चमक और बूंदाबांदी का दौर रहेगा। अगले 2 दिन प्रदेश के कुछ हिस्सों में तेज बारिश हो सकती है। मौसम विभाग ने शुक्रवार को भिंड, दतिया, निवा?ी, छतरपुर, पन्ना, रीवा, सीधी, मऊगंज, डिंडौरी, अनूपपुर, सीहोर, विदिशा, रायसेन में तेज बारिश होने का अलर्ट किया है। 10 अगस्त को टीकमग?, छतरपुर, पन्ना और दमोह में तेज बारिश का अलर्ट है। वहीं होशंगाबाद में बीती रात 9 बजे तवा बांध के गेट सीजन में तीसरी बार खोले गए। बांध का लेवल 1161.50 फीट हो गया।

## गंगा उफनी, वाराणसी में कई मंदिर डूबे

उत्तर प्रदेश और बिहार में तेज बारिश के चलते गंगा नदी दोनों राज्यों के कई जिलों में उफान पर है। यूपी के बलिया में गंगा खतरे के निशान से 1 मीटर ऊपर बह रही है। वहीं, वाराणसी में गुरुवार देर रात तक गंगा का जलस्तर 69 मीटर से ज्यादा हो गया। इससे 85 घाट डूब गए। घाट के किनारे के 500 मंदिर भी नदी में समा गए हैं। पटना और बक्सर में भी गंगा खतरे के निशान से ऊपर है। यहां गंडक, बागमती और कोसी नदी भी उफान पर हैं। डिजास्टर मैनेजमेंट डिपार्टमेंट के अनुसार पश्चिम चंपारण, सुपौल, नालंदा और गया जिलों की 4 हजार की आबादी बाढ़ की चपेट में है।

## ISIS का तीन लाख का इनामी आतंकी रिजवान गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** आज दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने आईएसआईएस मॉड्यूल के आतंकवादी रिजवान अली को गिरफ्तार किया है। एनआईए ने आतंकी पर 3 लाख रुपये का इनाम घोषित किया था। रिजवान दिल्ली के दरियागंज का रहने वाला है। एनआईए ने उस पर 3 लाख का इनाम घोषित किया था। उसके पास से हथियार भी मिले हैं। इस आतंकी को 2018 में पुलिस ने पूछताछ के लिए हिरासत में भी लिया था। हालांकि, बाद में छोड़ दिया गया था।

## कांवड यात्रा में मंत्री राकेश सिंह घायल, पैर में फेक्चर



**जबलपुर।** मप्र के लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह यहां कांवड यात्रा में घायल हो गये। बताया जा रहा है कि एक भाजपा पार्षद को पीछे से धक्का लगा और वे मंत्री से टकरा गई। मंत्री लड़खड़ा गये और उनका पैर मुड़ गया। जब वे डॉक्टर के पास गए तो पैर में फ्रैक्चर निकला। डॉक्टरों ने उन्हें आराम करने की सलाह दी है। सिंह दो दिवसीय दौरे पर कल शाम ही जबलपुर पहुंचे हैं। जब वे ग्वारीघाट से रामपुर चौराहा तक निकाली जा रही कांवड़ यात्रा में शामिल होकर हाथ में तिरंगा लेकर सबसे आगे चल रहे तभी भी? का धक्का मंत्री के पीछे चल रही भाजपा पार्षद मालती चौधरी को लगा। वह संभल नहीं पाई और आगे चल रहे राकेश सिंह से टकरा गईं। मंत्री राकेश सिंह का भी बैलेंस बिगड़ गया।

## बाजार मजबूत, सेंसेक्स ९०० अंक चढ़ा



**नई दिल्ली ।** सकारात्मक वैश्विक संकेतों के बाद घरेलू शेयर बाजार पिछले झटकों से उबर रहा है। आज सेंसेक्स एक हजार अंकों से अधिक की बढ़त के साथ खुला जबकि निफ्टी 24,350 के स्तर से ऊपर पहुंच गया। अमेरिकी श्रम बाजार के आंकड़ों ने दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था में मंदी की चिंताओं को कम कर दिया है इसके बाद वैश्विक स्तर पर सभी सेक्टरों में खरीदारी देखने को मिली। इस बीच, बीएसई पर सभी सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 4.4 लाख करोड़ रुपये बढकर 450.15 लाख करोड़ रुपये हो गया। जानकारों का कहना है कि अमेरिकी बाजार में तेजी लौटने से यह संकेत मिलता है कि मंदी का भय थोड़ा कम हुआ है।

**मेट्रो एंकर**

## उप-राज्यपाल ने मुकदमा चलाने की मंजूरी दी, अभी भी भ्रष्टाचार के मामले में हैं सस्पेंड

# आईएएस अफसर की चालबाजी, परफॉर्मेंस रिपोर्ट पर मुख्यसचिवों के हस्ताक्षर खुद किए !

**नई दिल्ली , एजेंसी।**

दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने दो मुख्य सचिवों के जाली हस्ताक्षर करने के मामले में आईएएस अधिकारी उदित प्रकाश राय के खिलाफ मुकदमा चलाने की मंजूरी दे दी है। 07 बैच के आईएएस एजीएमयूटी कैडर के हैं तथा अगस्त 2020 से अक्टूबर 2021 तक दिल्ली के निदेशक (शिक्षा) थे। राय पर अपनी पोस्टिंग की विभिन्न अवधियों के दौरान अपनी अप्रेजल परफॉर्मेंस एनुअल रिपोर्ट्स पर दिल्ली और अंडमान और निकोबार प्रशासन के मुख्य सचिवों के कथित रूप से जाली हस्ताक्षर करने का आरोप लगा है। कहा जा रहा है कि राय ने 2017 से 2021 के बीच अपनी एपीएआर में दो मुख्य सचिवों के जाली हस्ताक्षर किए हैं।



बताया जाता है कि मामले की प्रारंभिक जांच में पता चला कि उदित राय ने जानबूझकर अपनी अप्रेजल परफॉर्मेंस एनुअल रिपोर्ट्स को इसके पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन नहीं बल्कि मैन्युअल रूप से भरी थी। हालांकि, शीर्ष अधिकारियों, अनिंदो मजूमदार और विजय कुमार देव ने राय की रिपोर्टों की समीक्षा करने से इनकार कर दिया और पुष्टि की कि हस्ताक्षर जाली थे। एक फोरेंसिक रिपोर्ट ने भी पुष्टि की कि हस्ताक्षर अधिकारियों के हस्ताक्षरों से मेल नहीं खाते थे। अब उपराज्यपाल ने आगे की कार्रवाई के लिए मामला गृह मंत्रालय को भेजने की सिफारिश की है। राय के खिलाफ आईपीसी की धारा 465/471 के तहत जालसाजी का आपराधिक मामला दर्ज किया गया है।

### कई मामले पहले से चल रहे

**आईएएस राय वर्तमान में भ्रष्टाचार के एक अन्य मामले में निलंबित भी हैं, जिसमें उन पर दिल्ली कृषि विपणन बोर्ड के उपाध्यक्ष पद पर रहते हुए एक इंजीनियर से रिश्वत लेने का आरोप है। राय जब दिल्ली जल बोर्ड के सीईओ के रूप में कार्यरत थे, तब उन पर दिल्ली के जल विहार में अपने 5 करोड़ रुपये के आधिकारिक आवास के निर्माण के लिए एक हेरीटेज स्ट्रक्चर को ध्वस्त करने का भी आरोप लगा था।**

# राजधानी में गणेशोत्सव की तैयारी तेज, कोलकाता से आए मूर्तिकार

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

शहर में गणेश उत्सव की आहट भी शुरू हो गई है। गणेश चतुर्थी को अब कुछ ही दिन बचे हैं, और विभिन्न स्थानों पर मूर्तिकार दिन रात एक करके भगवान गणेश की मूर्तियां बनाने में जुटे हैं। हर बार की तरह इस साल भी शहर में 3 फीट से लेकर 50 फीट तक की प्रतिमाएं आकार ले रही हैं। एक अनुमान के मुताबिक शहर में हजार से ज्यादा स्थानों पर गणेश प्रतिमाओं की स्थापना होगी। गौरतलब है कि एनजीटी ने करीब दस वर्ष पहले 2013 में प्रतिमाओं की ऊंचाई अधिकतम 6 फीट रखने के निर्देश दिए थे और तालाब के बजाय अलग से कुंड बनाकर विसर्जन करने के निर्देश भी थे। सेंट्रल पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड (सीपीसीबी) ने 2010 में तालाब, नदी आदि जल स्त्रोतों में विसर्जन पर रोक लगाई थी। लिहाजा मूर्ति निर्माण आदि भी इसी दिशानिर्देश के मद्देनजर हो रहा है।

मूर्तिकारों का कहना है कि बड़ी मूर्तियों की बुकिंग शुरू हो चुकी है। इन मूर्तियों के दाम उनके आकार, डिजाइन, रंग और इस्तेमाल की जाने वाली वस्तुओं पर निर्भर हैं। मूर्तियों की कीमत 500 रुपए से लेकर कई हजार तक है। खास बात यह है कि मूर्ति का निर्माण मार्च से शुरू हो जाता है। इस वक्त घरों में स्थापना के लिये तो इको-फ्रेंडली गणेश प्रतिमा की ही मांग है। बताया जाता है कि मूर्ति निर्माण के लिये कोलकाता की मिट्टी, गुजरात का बालू, भूसा आदि का उपयोग होता है। कई स्थानों पर पश्चिम बंगाल से कलाकार और सामान मंगवाया गया है। कोलकाता के आए एक मूर्तिकार का कहना है कि नयन वे अयोध्या बायपास के पास पिछले ढाई महीनों से मूर्ति बना रहे हैं। उनकी मूर्तियों की बुकिंग हो चुकी हैं जिसमें ढाई से 14 फीट तक की मूर्तियां शामिल हैं। उन्होंने कहा वो मांग के मुताबिक 20 फीट तक की प्रतिमाएं भी बना सकते हैं। इनको बनाने में लगभग 2 महीने का समय लगता है।



फाइल फोटो



### बारिश की वजह से कई दिक्कतें भी

मूर्तिकारों का कहना है कि हर बार बारिश की वजह से थोड़ी दिक्कतें होती हैं, क्योंकि मूर्तियां सूखती नहीं है। इसके लिए पंखे और हैलोजन लाइट का इस्तेमाल करना पड़ता है। मूर्तिकारों को कई चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। इनमें बारिश के मौसम में मूर्तियां सूखने में होने वाली दिक्कतें, कच्चे माल की उपलब्धता और बढ़ती लागत शामिल हैं। करोंद में भी कोलकाता से कुछ मुर्तिकार आये हुए हैं। यह गणेश से लेकर दुर्गा प्रतिमा भी तैयार करते हैं और नवरात्रि तक यहां रुकते हैं।

### ऑनलाइन अपॉइंटमेंट: सरकारी अस्पतालों में पर्चा बनवाने की लाइन से मुक्ति

# घर बैठे शासकीय अस्पतालों में परामर्श के लिए अब नई सुविधा

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

राजधानी के सरकारी अस्पतालों के हाल कई मामलों में बेहाल हैं और व्यवस्थायें भी सवालिया घेरे में हैं। डाक्टरों की मौजूदगी भी कई बार नहीं मिलती है। ऐसे में परामर्श और उपचार के लिए घर बैठे ही ऑनलाइन



अपॉइंटमेंट की सुविधा शुरु की गई है। हालांकि अब तक इस सुविधा के माध्यम से अब तक 11 सौ से अधिक हितग्राही लाभ ले चुके हैं । यह सुविधा आयुष्मान भारत निरामयम हेल्पलाइन के टोल फ्री नंबर 18002332085 पर दी जा रही है।

इसका लाभ लेने के लिये हेल्पलाइन पर फोन करके मरीज द्वारा अपने निवास स्थान या वर्तमान लोकेशन बताई जाती है। लोकेशन के आधार पर हेल्पलाइन द्वारा नजदीकी अस्पताल के विकल्पों के सुझाव दिए जाते हैं। मरीज द्वारा बताए गए अस्पताल एवं समय के अनुसार अपॉइंटमेंट सुनिश्चित किया जाता है। आयुष्मान भारत डिजिटल हेल्थ मिशन के उद्देश्यों की दिशा में विलियम जे क्लिंटन फंडेशन के सहयोग से संचालित यह टोल फ्री सुविधा सुबह 8 बजे से शाम 8. तक उपलब्ध है। इस सुविधा के तहत अस्पतालों की ओपीडी के समय पर मरीज अपनी सुविधा को देखते हुए अपॉइंटमेंट ले सकता है। अपॉइंटमेंट के निर्धारित समय पर अस्पताल पहुंचकर चिकित्सक से परामर्श लिया जा सकता है। इस नंबर पर फोन करके आभा आईडी भी बनवाई जा सकती है। हितग्राही अपना आधार कार्ड नंबर और आधार लिंक मोबाइल नंबर बताकर आसानी से आभा आईडी बनवा सकेंगे।



मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ प्रभाकर तिवारी का कहना है कि इस सुविधा से जिला चिकित्सालय सिविल अस्पतालों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों, मुख्यमंत्री संजीवनी क्लिनिक में अपॉइंटमेंट लिया जा सकता है। इन अस्पतालों में ऑनलाइन अपॉइंटमेंट लेकर ओपीडी के निर्धारित समय पर पहुंचकर परामर्श एवं उपचार लिया जा सकता है। यह सुविधा पूरी तरह निशुल्क है और इससे मरीज के समय की भी बचत हो रही है।

# गौर की पुण्यतिथि पर लगाया जाएगा रक्तदान-स्वास्थ्य शिविर

### जनभागीदारी समिति की सामान्य परिषद बैठक में हुए कई अहम निर्णय

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल गौर की पुण्यतिथि 21 अगस्त को बाबूलाल गौर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय भेल मे रक्तदान एवं स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित किया जाएगा। आगामी नेक मूल्यांकन हेतु जनभागीदारी समिति बेहतर अकादमिक वातावरण बनाने और अधोसंरचना विकास के लिए प्रतिबद्ध रहेगी तथा इस हेतु कार्पोरेट सोशल रिस्पांसिबिलिटी फंड से सहयोग हेतु प्रयास करेगी। महाविद्यालय परिसर में विद्यावन और भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ का बेहतर ढंग से विकास किया जाएगा। यह निर्णय बाबूलाल गौर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय भेल की जनभागीदारी समिति की सामान्य परिषद बैठक में सर्वसम्मति से लिए गए। भेल कॉलेज में अध्यक्ष बारेलाल अहिरवार की अध्यक्षता में आयोजित जनभागीदारी समिति की सामान्य परिषद बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि आगामी 21 अगस्त को पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल गौर की पुण्यतिथि पर रक्तदान, स्वास्थ्य परीक्षण शिविर एवं वृक्षारोपण का आयोजन किया जाएगा तथा 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस उत्साह पूर्वक आयोजित किया जाएगा। जिसमें सभी नियमित विद्यार्थियों की सहभागिता अनिवार्य होगी। इस अवसर पर प्रतिभावान विद्यार्थियों का सम्मान भी किया जाएगा। महाविद्यालय में एक शोध समन्वय प्रकोष्ठ स्थापित किया जाएगा। जिसमें उनके जीवन से सम्बंधित साहित्य रखा जाएगा, जो शोधार्थियों और जनसामान्य के लिए सुलभ उपलब्ध रहेगा।

**नेक मूल्याकंन से पूर्व बेहतर अकादमिक वातावरण:** बैठक में निर्णय लिया गया कि आगामी नेक मूल्याकंन से पूर्व बेहतर अकादमिक वातावरण निर्माण तथा अधोसंरचना विकास के लिए कार्पोरेट सोशल रिस्पांस्सविलटी फंड हेतु प्रयास किया जाएगा।



### नागपंचमी आज

**भोपाल। चौक बाजार स्थित चौरसिया समाज श्री राम मंदिर में आज नाग पंचमी पर नाग देवता की पूजा की गई इस मौके पर नितेश चौरसिया की उपस्थिति में महा आरती का आयोजन किया गया जिसमें काफी श्रद्धालुओं से उपस्थित रहे।**

# अच्छे कार्यों के लिए लिए किरण को मिली शील्ड

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन जेपीएस जौहर द्वारा वर्ष भर के आकलन के बाद क्लबों को अवार्ड दिए गए, जिसमें लायंस क्लब भोपाल मन्नत की चार्टर्ड प्रेसिडेंट किरण वाधवानी एवं सीमा शिवेंद्रे, गोविंद राम, आशीष कुशवाह को उनके द्वारा दिए गए अच्छे कार्यो हेतु शील्ड देकर सम्मानित किया गया। वर्ष 2023-24 में मन्नत क्लब द्वारा काई गतिविधियां की गई थीं, जिनको मंच के माध्यम से सराहा गया एवं क्लब को चार अवॉर्ड मिले इस अवसर पर क्लब अध्यक्ष यास्मीन कौसर के साथ सभी सदस्य उपस्थित थे।



# झूलेलाल चालीहा उत्सव में आरती की लालसाईंजी ने

### दादा रीझवानी के संस्कार दिख रहे उनकी पीढ़ी में

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

न्यू बी10 स्थित झूलेलाल चालिहा मंदिर में लाल साईंजी की आरती में सम्मिलित हुए। भजन गाए और सत्संग किया। यहां लालसाईं जी का स्वागत भजन गायक चंद्रभान एवं ओमप्रकाश रीझवानी ने शॉल पहनाकर किया। लालसाईंजी ने दादा साबूमल रीझवानी की स्मृतियों को सबके सामने साझा किया। साईं ने रीझवानी को समाज की बहुत बड़ी शक्ति बताया। उन्होंने कहा कि मैं बहुत खुश हैं उनके पुत्र उनके कार्यो को आगे बढ़ा रहे हैं ऐसा मेला लगा हुआ है हर वर्ष यहाँ मेला लगता रहे लोगो की मुरादे पूरी होती रहे सभी अपने इष्ट देव का स्मरण घर पर भी करें। इस अवसर पर महिला प्रमुख किरण वाधवानी ने भी उनका स्वागत किया।मोहन मनवानी हीरो वन्नानी माधवदास पारदासानी, जगदीश लालवानी कुंडी रीझवानी ने भी उनका स्वागत किया।



अंत में उन्हें चंद्रभान रीझवानी ओम प्रकाश रीझवानी, किरण वाधवानी, कुंडी रीझवानी को शाल आशीर्वाद स्वरूप पहनाकर कहा आप ऐसे ही मंदिर में सेवा करते रहें।

# सिंधी कुकिंग कॉप्टिशन 10 से 12 अगस्त को होगा

### भोपाल के 12 केन्द्रों पर होगी प्रतियोगिता

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

सिंधी मेला समिति, भोपाल द्वारा 10, 11 एवं 12 अगस्त को भोपाल के 21 से अधिक सेंटरों पर एक साथ इस कुकिंग कॉप्टिशन का आयोजन किया जा रहा है।

समिति के अध्यक्ष मनीष दरयानी ने बताया कि सिंधी समाज युवा पीढ़ी को इस आयोजन के माध्यम से जोड़ने का यह प्रयास है, साथ ही इन सिंधी व्यंजनों के माध्यम हमे सिंधी समाज के युवाओ को अपनी संस्कृति एवं संस्कार को न भूलना है और न भूलने देना है। समिति के महासचिव नरेश तलरेजा ने बताया कि वर्ष 2009 से लगातार कुकिंग कॉम्पीटिशन का आयोजन किया जा रहा है। इस वर्ष इस आयोजन का यह 16 वां वर्ष है। इस प्रतियोगिता में चयनित महिलाओ को 1 सितंबर 2024 को मानस भवन में कार्यक्रम आयोजित कर पुरस्कृत किया जायेगा। इस कुकिंग कॉप्टिशन कार्यक्रम की संयोजिका सीमा सबधानी एवं सह- संयोजिका माया पंजवानी को नियुक्त किया गया है।



**मेट्रो एंकर**

### हिन्दू राष्ट्र का लिया संकल्प

# संतनगर में मध्यप्रदेश व देश के कई हिस्सों से जुटे धर्म रक्षक

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

सातवां हिन्दू राष्ट्र विचार मंथन समागम संतनगर (बैरागढ़) में हुआ, जिसमें जुटे धर्म रक्षकों ने हिन्दू राष्ट का घोष किया और हिन्दू राष्ट का संकल्प लिया।

समागम में मुख्य अतिथि अंतरराष्टीय प्रवक्ता साध्वी सरस्वती ने धर्म रक्षकों को हिन्दू राष्ट का संकल्प दिलाया। हिन्दू जनजागृति समिति गोवा के मार्गदर्शक डॉ चारुदत पिंगले धर्म रक्षकों का मार्गदर्शन करते हुए कहा-भारत हिन्दू राष्ट है, धर्म निरपेक्षता के नाम पर इस बात को खुलकर कहने से बचने वालों को समझ आना चाहिए, हिन्दू हैं हम, हिन्दुस्तां हमारा कहना होगा।

धर्म रक्षक के संस्थापक विनोद यादव ने बताया विचार मंथन में मध्यप्रदेश के अलग-अलग जिलों से हिन्दू संगठनों के प्रतिनिधि सम्मलित हुए। साथ ही महराष्ट एवं दिल्ली से भी हिंदुत्ववादी लोगों ने सहभागिता की। कार्यक्रम में अपने प्रदेश और जिलों में हिन्दुओं से जुड़ी समस्या को रखा गया और समाधान पर चर्चा की गई।



कार्यक्रम में धर्म रक्षक बैरागढ़ विभाग के अध्यक्ष दीपक मेहर, संयोजक अभय पंडित, रामेश्वर पंकज मिश्र, जबलपुर से साध्वी लता दीदी, संगीत वर्मा, इंदौर से मिनाक्षी सारण, भोपाल से योगेश परमार, राम काका, दिल्ली से आजाद विनोद व अन्य वक्ताओं ने अपने विचार रखे।

### निरंकारी मिशन 11 को पौधे लगाकर वर्षों करेगा देखभाल

**हिरदाराम नगर।** संत निरंकारी मिशन के 'वननेस वन' नामक मेगा वृक्षारोपण परियोजना में रविवार 11 अगस्त को भोपाल जोन 24 ए के अंतर्गत संत निरंकारी मंडल ब्रांच भोपाल द्वारा प्रातः 7.30 से 10-00 बजे तक इंदिरा गांधी राष्टीय मानव संग्रहालय, श्यामला हिल्स, भोपाल में और ब्रांच बैरागढ़ द्वारा सिविल अस्पताल परिसर बैरागढ़ में प्रातः 7.30 से 9.30 बजे तक विशाल वृक्षारोपण किया जाएगा। संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन द्वारा ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में और अनेक नये स्थानों को जो?कर इस महाभियान के चौथे चरण की सेवाओं का आरम्भ 11 अगस्त, रविवार को संपूर्ण भारतवर्ष के लगभग 600 से अधिक स्थानों पर 'विशाल वृक्षारोपण अभियान' के रूप में किया जा रहा है। इसमें मिशन के सभी अनुयायी व स्वयंसेवक सम्मिलित होकर करीब 10 लाख वृक्ष लगाएंगे। और अपनी महत्वपूर्ण भूमिका को निभाते हुए तीन से पाँच वर्षों तक इन वृक्षों की देखभाल भी करेंगे ताकि यह प्रथम चरण की भांति ही 'लघु वन' के रूप में प्रफुल्लित हो सकें।

# 15 अगस्त : साधु वासवानी में तैयारी कर रहे विद्यार्थी



**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

साधु वासवानी स्कूल में स्वतंत्रता दिवस की तैयारियां जारी हैं। बच्चे समारोह में होने वाले कार्यक्रमों के लिए अभ्यास कर रहे हैं।

शिक्षाविद् विष्णु गेहानी ने बताया कि स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सर्वप्रथम तिरंगा झण्डा लहराया जाएगा एवं राष्टगीत का गायन किया जाएगा। तत्पश्चात प्रातः 8 बजे भव्य रैली निकाली जाएगी। जिसमें विद्यार्थी बेनर रंग-बिरंगी टोपियॉ पहने हाथों में तिरंगे झण्डे लेकर रैली के लिए प्रस्थान करेंगें। बैंड व बाजों के साथ 'जय जवान, जय किसान' 'भारत माता की जय ' आदि नारों की तख्तियॉ हाथों में लिए रैली नगर के विभिन्न मार्गों से होती हुई स्कूल परिसर में समाप्त होगी।

इस अवसर पर आकर्षक पी.टी. एवं मार्च पास्ट का प्रदर्शन किया जाएगा। झण्डे को सलामी देते हुए राष्ट-गीत का गायन किया जाएगा। तत्पश्चात देश-भक्ति से ओत-प्रोत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी किया जाएगा एवं विद्यार्थियों द्वारा स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर विचार विमर्श किया जाएगा व अतिथियों द्वारा उद्बोधन दिया जाएगा। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों को मिठाई का वितरण किया जाएगा।

## छोटी-बड़ी खबरें

### भाजपा की बूथ समितियों का किया गया सम्मान

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** भाजपा संगठन महामंत्री हितानंद ने भोपाल ग्रामीण जिले के बैरसिया विधानसभा के आयोजित बूथ नेतृत्व सम्मान समारोह में बूथ समतियों को सम्मानित किया और कहा कि 'मेरा बूथ सबसे मजबूत' ध्येय के साथ लोकसभा चुनाव में भाजपा की जीत सुनिश्चित करने के लिए निरंतर परिश्रम की पराकाष्ठा करने वाले भाजपा के प्रत्येक कार्यकर्ता पार्टी की ताकत हैं। भाजपा के जिला पदाधिकारी और मंडल अध्यक्ष प्रत्येक बूथ पर जाकर पार्टी के पक्ष में सबसे अधिक मतदान कराने वाली मंडल की तीन बूथ समितियों को सम्मानित करें। सम्मान समारोह को बैरसिया विधायक विष्णु खत्री ने भी संबोधित किया।

### आइसर का दीक्षांत 13 को, वित्त मंत्री सीतारमण होंगी अतिथि

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ साइंस एजुकेशन एंड रिसर्च (आइआइएसइआर) भोपाल का 11वां दीक्षांत समारोह 13 अगस्त को आयोजित किया जाएगा। समारोह की मुय अतिथि केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण होंगी। इस दीक्षांत समारोह में कुल 442 छात्र अपनी डिग्री प्राप्त करेंगे। आईसर संस्थान के डायरेक्टर गोबरधन दास ने बताया कि किसी भी शैक्षणिक संस्थान के लिए दीक्षांत समारोह साल का सबसे महत्वपूर्ण शैक्षणिक कार्यक्रम होता है। यह स्नातकों, संकायों और संस्थान के अन्य सभी सदस्यों के लिए उत्सव का समय होता है। इस मौके पर संस्थान की उपलब्धियों को भी सांझा किया जाएगा।

### आउटसोर्स कर्मचारियों के लिए नई नीति जारी

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** प्रदेश के शासकीय विभागों एवं अर्थशासकीय विभागों में कार्यरत लाखों आउटसोर्स कर्मचारी को श्रम कानून का लाभ मिलेगा अब आउटसोर्स कर्मचारी एवं श्रमिक के लिए सरकार ने नई नीति जारी कर दी हैं अब शासकीय अर्थशासकीय विभागों के प्रमुखों को आउटसोर्स कर्मचारी एवं श्रमिकों का पंजीयन श्रम आयुक्त कार्यालय में आवश्यक रूप से करना पड़ेगा। कर्मचारी मंच श्रमिक प्रकोष्ठ ने सरकार के आदेश को न्यायोचित बताते हुए स्वागत किया है। मंच के प्रदेश अध्यक्ष अशोक पांडे ने बताया कि लाखों आउटसोर्स कर्मचारी एवं श्रमिकों के लिए कोई कारगार नीति न होने के कारण विभागों में आउटसोर्स कर्मियों का शोषण हो रहा था अभी तक श्रम कानून को लाभ न मिलने के कारण न्यायपालिका एवं सरकारी योजनाओं आदेशों तथा श्रम अधिनियमों का लाभ नहीं मिल रहा था।

### मानव अधिकार आयोग का स्थापना दिवस 13 को

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** मप्र मानव अधिकार आयोग के अध्यक्ष मनोहर ममतानी ने 30वें स्थापना दिवस 13 सितंबर को होने वाले कार्यक्रम में 'नगरीय सुशासन-मानव अधिकार' विषय पर आधारित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। कहा कि गुड गवर्नेंस जिनका डायरेक्ट इफैक्ट पब्लिक पर हो ऐसेमुद्दे शामिल किए जाएं।

### जिपं अध्यक्ष, जपं अध्यक्ष की चुनाव प्रक्रिया स्थगित

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** राज्य निर्वाचन आयोग ने जिपं अध्यक्ष अलीराजपुर और जपं अध्यक्ष अमरवाड़ा के रिक्त पद के चुनाव के लिए 21 अगस्त की तारीख तय की गई थी। जनपद पंचायतों का उपचुनाव कार्यक्रम घोषित होने के कारण जिपं अध्यक्ष और जपं अध्यक्षके निर्वाचन का कार्यक्रम स्थगित कर दिया है।

# दीपाली, श्रीमन समेत चार आईएएस अफसर जाएंगे केंद्र

**सरकार ने दी अनुमति, आदेश होने बाकी, पहले से केंद्र में काम कर रहे हैं मप्र कैडर के 41 आईएएस**



**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** मप्र से एक के बाद एक आईएएस केंद्र में प्रतिनियुक्ति पर जा रहे हैं। अब पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की प्रमुख सचिव दीपाली रस्तोगी, आईएएस श्रीमन शुक्ला, तरुण पिथोड़े और अनुग्रह पी भी केंद्र में जाएंगी। राज्य सरकार ने इन चारों को अनुमति दे दी है। उधर हाल ही में सरकार ने 2 अगस्त को 10 आइएएस अफसरों का तबादला किया था। जिसमें दीपाली रस्तोगी को सहकारिता से हटाकर पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग का जिम्मा दिया था। अब उन्हें केंद्र में जाने के लिए एनओसी दे दी है। ऐसे में वह ज्यादा समय तक पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के मंत्री प्रहलाद पटेल के साथ काम नहीं कर सकेंगी। विभाग को दूसरा अधिकारी मिलना तय है।



उल्लेखनीय है कि प्रतिनियुक्ति कोटे के आधार पर मप्र कैडर के 99 आइएएस अफसरों को केंद्र में प्रतिनियुक्ति पर भेजा जाना है। अभी 37 आईएएस अधिकारी केंद्र में काम कर रहे हैं। इसमें हाल ही में प्रतिनियुक्ति पर भेजे गए राजगढ़ कलेक्टर रहे हर्ष दीक्षित का नाम भी शामिल है। इनसे अलग केंद्र ने इसी सप्ताह 4 आईएएस अफसरों की प्रतिनियुक्ति मांगी है। इनमें भोपाल संभागायुक्त पवन शर्मा, वित्त सचिव अजीत कुमार, संचालक बजट बक्षी कार्तिकेयन और निकुंज श्रीवास्तव शामिल है, प्रतिनियुक्ति पर इनकी सेवाएं केंद्र को सौंपी जानी है। जिसके बाद 41 आईएएस केंद्र में हो जाएंगे। वहीं प्रमुख सचिव दीपाली रस्तोगी, तरुण पिथोड़े, श्रीमन शुक्ला व अनुग्रह पी के आदेश आने और उन्हें रिलीव करने के बाद यह संख्या 45 हो जाएगी।

## डीएसपी सागर को मिल सकता है आउट ऑफ टर्न प्रमोशन

**- भारतीय हॉकी टीम के सदस्य हैं विवेक सागर, इटारसी के पास चांदौन गांव के हैं रहने वाले**

**- पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक जीत चुकी है हॉकी टीम**

**भोपाल।** मप्र पुलिस के डीएसपी और भारतीय हॉकी टीम के खिलाड़ी विवेक सागर प्रसाद को मप्र सरकार आउट ऑफ टर्न प्रमोशन दे सकती है। मुख्यमंत्री मोहन यादव कभी भी इसकी घोषणा कर सकते हैं। विवेक सागर प्रसाद भारतीय हॉकी टीम के सदस्य है। इसी टीम ने पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक भारत के नाम किया है। उल्लेखनीय है कि विवेक सागर प्रसाद नर्मदापुरम जिले की इटारसी तहसील के शिवनगर चांदौन गांव के रहने वाले हैं। हॉकी टीम द्वारा कांस्य पदक जीतने के बाद उनके गांव पहुंचने वाले युवाओं की भीड़ है, हर कोई उनके परिवार के सदस्यों से मिलना चाहता है।





### शिवराज सरकार ने बनाया था डीएसपी

तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की सरकार ने विवेक सागर को पुलिस में डीएसपी बनाया था। तब वह टोक्यो ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय हॉकी टीम के सदस्य थे। राष्ट्रपति के हाथों वह देश के प्रतिष्ठित अर्जुन पुरस्कार से भी सम्मानित हो चुके हैं।

### मप्र को गर्व की अनुभूति

हॉकी टीम को कांस्य पदक मिलने पर मप्र समेत पूरे देश को गर्व है। मुख्यमंत्री . मोहन यादव ने खुशी जताते हुए बधाई दी है। यह भी कहा कि हॉकी टीम की सफलता ने सभी को गर्व की अनुभूति करने का अवसर दिया। यह क्रम जारी रहे, ऐसी अपेक्षा है। मप्र के लिए यह और भी आनंद व गर्व का विषय इसलिए है क्योंकि मध्यप्रदेश के विवेक सागर प्रसाद भी विजयी टीम का हिस्सा हैं। मप्र पुलिस के मुखिया एवं डीजीपी सुधीर सक्सेना ने डीएसपी विवेक सागर प्रसाद से फोन पर बात की और उनका उत्साहवर्धन किया।

**बालाघाट में 4 आरोपियों द्वारा बाघ का शिकार करने का मामला**

## हाईकोर्ट ने माना– बाघों के शिकार से प्रकृति को गंभीर नुकसान, नहीं दे सकते जमानत

### निचली अदालत को 6 महीने में बाघ शिकार व तस्करी के मामले की सुनवाई करने के आदेश

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

बाघों का शिकार और उनके अवशेषों की तस्करी बेहद गंभीर मामला है। प्रकृति को इसकी वजह से बहुत नुकसान होगा। जमानत नहीं दे सकते। ये हाईकोर्ट की टिप्पणी है जो बाघों के शिकार और उनकी तस्करी में शामिल एक आरोपी की जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट के न्यायाधीश ने 29 जुलाई को की। हाईकोर्ट ने जमानत याचिका भी खारिज कर दी। इसके पहले भी उक्त् आरोपी की जमानत याचिका तीन बार निरस्त हो चुकी है।



**क्या है मामला:** स्टेट टाइगर स्ट्राइक फोर्स (मप्र) की भोपाल एवं जबलपुर इकाई ने संयुक्त कार्यवाही करते हुए व्यापार व शिकार के 4 आरोपियों को बालाघाट के दक्षिण सामान्य वनमंडल की वन परिक्षेत्र कटंगी से गिरफ्तार किया था। इन पर बाघों की 49 हड्डियों, 14 नाखून व मूंछ के 31 के बाल का अवैध व्यापार किया था। इसी में आरोपी सुनील खण्डाते भी शामिल है जिसके अधिवक्ता ने जमानत याचिका लगाई थी।

## विश्व को विश्वविद्यालय की अवधारणा भारत ने दी: प्रो. लाभ

### सांची विवि में नए छात्रों को कुलगुरु ने दिया गुरुमंत्र

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

सांची विश्वविद्यालय में अकादमिक सत्र 2024-25 के लिए दीक्षारम्भ कार्यक्रम में कुलगुरु और शिक्षकों ने छात्रों का स्वागत किया। नये छात्रों को गुरु मंत्र देते हुए कुलगुरु प्रो. वैद्यनाथ लाभ ने किताबों से दोस्ती करने और गुरु के पास बैठकर ज्ञान प्राप्ति का महत्व समझाया। उन्होंने कहा कि गुरु को कभी भी ज्ञान बांटने में संकोच नहीं होता। कुलसचिव प्रो. चतुर्वेदी ने कहा कि पूरे विश्व को विश्वविद्यालय की अवधारणा भारत ने दी है। सांची विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. लाभ ने छात्रों को कहा कि उन्हें भारतीय संस्कृति और भारतीय शिक्षा पद्धति पर गर्व करना चाहिए। प्रो. लाभ ने कहा कि भारत की गिनती, 1834 में अंग्रेजों द्वारा मैकाले की शिक्षा पद्धति थोपे जाने से पहले विश्व के सर्वाधिक शिक्षित देशों में होती थी। उन्होंने कहा कि अंग्रेजों को शासन करने के लिए क्लर्कों की जरूरत थी, इसलिए उन्होंने भारतीय शिक्षा पद्धति को बदल कर रख दिया।

### छात्रों के दल ने किया भ्रमण

सांची विश्वविद्यालय में भोपाल स्कूल ऑफ सोशल साइंसेस के 50 छात्रों का एक दल भी भ्रमण के लिए पहुंचा। विश्वविद्यालय के योग विभाग की टीम ने सभी छात्र-छात्राओं को एकाग्रता बढ़ाने के लिए 15 मिनट का 'अंतर्मौन' सिखाया जिससे छात्र पढ़ाई के साथ-साथ खेल और अन्य गतिविधियों में पूरा फोकस स्थापित कर कार्य कर सकें।

### भारतीय शिक्षा समाधान परक : प्रो. चतुर्वेदी

सांची विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. अलकेश चतुर्वेदी ने भारतीय परंपरा का उल्लेख कर छात्रों को वसुधैव कुटुम्बकम तथा सर्वे भवंतु सुखिनः के विचार के बारे में परिचित कराया। उन्होंने कहा कि भारतीय शिक्षा सदैव से समाधान परक रही है, इसलिए हम भारतीय, समाधान परक व्यवस्था में रहने वाले लोग हैं।



**मुलाकात**

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष खजुराहो सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने दिल्ली में केंद्रीय आयुष मंत्री प्रतापराव गणपतराव जाधव से भेंट कर खजुराहो में हर साल आने वाले लाखों देशी-विदेशी पर्यटकों की स्वास्थ्य सुविधा की दृष्टि से 100 बिस्तरों का नेचुरोपैथी एवं योग चिकित्सालय खोले जाने का आग्रह किया।

## कांग्रेस पदाधिकारियों को घरों में झंडा फहराने के निर्देश

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

मप्र कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं कांग्रेसजनों से आग्रह किया है कि सभी कांग्रेसजन 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के पावन पर्व पर अपने-अपने घरों पर राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा झंगा अनिवार्य रूप से लगायें। पटवारी ने जिला/शहर कांग्रेस अध्यक्षों को पत्र लिखकर निर्देशित किया है कि उक्त संबंध में स्थानीय स्तर पर मीडिया एवं सोशल मीडिया में प्रचार-प्रसार कर प्रत्येक कांग्रेसजन तक यह संदेश पहुंचायें। इसके अलावाा एक अन्य पत्र में आगामी 20 अगस्त को भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की 80 वीं जन्म जयंती पर जिला एवं ब्लाक स्तर पर सद्भावना दिवस के रूप में मनाये जाने के निर्देश दिये हैं। कार्यक्रम में सांसद, पूर्व सांसद, विधायक, पूर्व विधायक, प्रदेश कांग्रेस के पदाधिकारी मौजूद रहेंगे तथा रक्तदान शिविर, वृक्षारोपण, अस्पतालों में फल वितरण आदि कार्यक्रम भी आयोजित किये जायेंगे।



## अब रिक्त पदों पर सफाई कर्मचारी होंगे स्थाई

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

विनियमित सफाई कामगारों को सफाई कामगार के रिक्त पदों पर वरीयता के आधार पर स्थाई किया जाएगा। नगरीय निकायों में 2007 से 2016 तक कार्यरत दैवेभो को नियमित किया जाएगा। इससे 15 हजार से ज्यादा सफाई कर्मियों को लाभ मिलेगा। यह निर्णय बुधवार को राज्य सफाई कामगार आयोग के अध्यक्ष प्रताप करोसिया की अध्यक्षता में हुई बैठक में लिया गया। तय किया गया कि मृतक कर्मी या स्वास्थ्य कारणों से सेवानिवृत्त कर्मी के एक परिजन को अनुकंपा नियुक्ति दी जाएगी। इसका लाभ मृतक विनियमित कर्मी के परिजन को भी मिलेगा। निकायों में सफाई संबंधी उपकरण और वाहन सफाई कामगारोंके समूहों को दिए जाएंगे।

**मेट्रो एंकर** | **मप्र को बेंगलुरू में मिले 32 सौ करोड़ के निवेश प्रस्ताव**

## मध्यप्रदेश में काम करेगा गूगल क्लाउड, सात हजार नई नौकरियां मिलेंगी

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

युवाओं का कौशल निखारने के लिए अब मप्र में गूगल क्लाउड काम करेगा। कंपनी प्रदेश में स्टार्टअप हब और सेंटर ऑफ एक्सीलेंस बनाएगी। मुख्यमंत्री मोहन यादव के साथ वन टू वन बातचीत में कंपनी ने मप्र में निवेश की इच्छा जताई है। कल बेंगलुरू में सिलीकॉन वैली में आयोजित निवेश चर्चा में प्रदेश को आईटी और स्पेस टेक्नोलॉजी से जुड़ी कंपनियों की तरफ 3,175 करोड़ रुपए के निवेश प्रस्ताव मिले हैं। इन प्रस्तावों पर अमल होने से लगभग 6,900 नौकरियां मिलेंगी।

जानकारी के मुताबिक इस दौरान 30 से अधिक प्रमुख उद्योगपतियों ने सीएम से बात की। चर्चा में लैप इंडिया, रिलायंस कंज्यूमर, डीएचएल ग्लोबल, टेक महिंद्रा, माइक्रोसॉफ्ट, केनेस टेक्नोलॉजी, किर्लोस्कर सिस्टम्स जैसी कंपनियां शामिल रहीं। मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा कि गूगल क्लाउड मप्र में युवाओं की दक्षता बढ़ाने के लिए स्टार्ट अप हब और सेंटर ऑफ एक्सीलेंस बनाएगी। निवेश को लेकर हिन्दुस्तान एरोनाटिक्स लिमिटेड से भी चर्चा हुई। एन वीडिया मप्र को भारत की इंटेलिजेंस राजधानी के रूप में स्थापित करने के लिए ब्लू प्रिंट बनाकर देगी। सीएम ने कहा- भोपाल, उज्जैन और राजगढ़ समेत कई जगहों पर निवेश होंगे। प्रदेश में स्किल्ड प्रोफेशनल तैयार हो रहे हैं। सेंट्रल लोकेशन के चलते मप्र निवेश के लिए बेहतर है।




**4 एमओयू:** एमपी स्टेट इलेक्ट्रॉनिक डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन ने सेमीकंडक्टर और स्पेस टेक्नोलॉजी को लेकर चार एमओयू किए। 15 से अधिक देशों के राजनयिक भी शामिल रहे।



## संपादकीय

# विनेश का जीवट

भारतीय रेसलर विनेश फोगाट के हिस्से में फिर एक बार संघर्ष आया, वह भी खुद से। उन्होंने पेरिस ओलिंपिक के 12वें दिन फाइनल में जगह बनाकर इतिहास रचा और फिर वजन ज्यादा होने के बाद डिस्क्वॉलिफाई कर दी गईं। इसके कुछ ही घंटे बाद उन्होंने रेसलिंग को अलविदा कह दिया। अयोग्यता उनके लिये किसी सदमे से कम नहीं होगी,क्योंकि वे उस सपने के करीब पहुंच गई थीं जहां तक आज तक ओलंपिक में महिला पहलवान नहीं पहुंची। देश जैसे उनकी उपलब्धि पर झूम रहा था और अब अयोग्य घोषित किए जाने पर शोक और गुस्से से भरा हुआ है। हालांकि इस तरह का घटनाक्रम किसी भी स्पोर्ट्सपर्सन के लिए दुखद होता, लेकिन विनेश फोगाट जिस तरह का जज्बा दिखाते हुए यहां तक पहुंची थीं, उसमें देश ही नहीं दुनिया भर के खेल प्रेमियों की भावनाओं का उनके साथ जुड़ जाना बिल्कुल स्वाभाविक था। खासकर इसलिए कि मात्र 100 ग्राम वजन ज्यादा होने की वजह से ऐसी ऐतिहासिक उपलब्धि से वंचित किया जाना किसी के लिए भी आसानी से हजम होना मुश्किल है। इससे पहले भी विनेश ने संघर्ष किया है। सालभर पहले अपने साथी पहलवानों के साथ कुश्ती के क्षेत्र में चल रही कथित गड़बड़ियों के खिलाफ आवाज बुलंद कर पूरी दुनिया का ध्यान अपनी ओर खींचा था। कुश्ती महासंघ के तत्कालीन अध्यक्ष के खिलाफ यौन शोषण जैसा गंभीर आरोप लगाने का मतलब था, करियर दांव पर लगाना। फिर भी विनेश ने जोखिम लिया। हालांकि उस मामले में कानूनी प्रक्रियाएं चल रही हैं और अदालत के फैसले का इंतजार है। लेकिन इन सबके बावजूद ओलिंपिक में अयोग्य करार दिए जाने से पहले का विनेश का प्रदर्शन दिखाता है कि उनमें कितनी हिम्मत है। यह भी तय है कि कुश्ती महासंघ के खिलाफ आवाज उठाकर उन्होंने इसके तत्कालीन कर्ताधर्ताओं की नाराजगी मोल ली थी। इससे यह भी समझा जा सकता है कि खेल ढांचे का एक हिस्सा विनेश के साथ सहज नहीं महसूस कर रहा होगा और उन्हें पैरिस ओलिंपिक की अपनी पूरी यात्रा प्रतिकूल माहौल में तय करनी पड़ी होगी। यह संघर्ष का उनका जज्बा ही था जिसमें उन्होंने 50 किलोग्राम कैटिगरी की वर्ल्ड और ओलिंपिक चैंपियन युई सुसाकी तक को पराजित कर दिया, जो 82 मैचों से अजेय थीं। कई कोनों से मांगउठ रही है कि 100 ग्राम ज्यादा वजन निकलना खुद रेसलर की नहीं बल्कि सपोर्ट स्टाफ की कमी का नतीजा कहा जाएगा। कुश्ती महासंघ के मौजूदा अध्यक्ष संजय सिंह ने कहा भी है कि सपोर्ट स्टाफ द्वारा अपना काम ठीक से न करने संबंधी शिकायतों की जांच की जाएगी।दरअसल, इंटरनेशनल रेसलिंग फेडरेशन के नियम बेहद सख्त होते हैं। एक ग्राम वजन भी अधिक होता है तो रेसलर को अयोग्य घोषित कर दिया जाता है। ऐसा नहीं है कि विनेश फोगाट इन नियमों से अनभिज्ञ थीं, क्योंकि एक रात पहले उन्हें पता था कि उनका वजन अधिक है उन्होंने अपना वजन कम करने की जीतोड कोशिश की थी। विनेश पिछले ओलंपिक में 53 किलोग्राम कैटेगरी में खेली थीं, लेकिन पेरिस ओलंपिक में उन्होंने 50 किलोग्राम कैटेगरी ली। जबकि महिला रेसलर के लिए वजन कम करना बेहद मुश्किल माना जाता है। क्या विनेश फोगाट ने कैटेगरी बदलकर बड़ा रिस्क लिया? ऐसे भी कुछ सवाल गूंजते रहेंगे लेकिन बरसों तक यह टीस कम नहीं होगी कि देश की बेटी ने ओलंपिक में एक दिन में तीन कुश्ती जीतकर फाइनल में जैसे प्रवेश किया था, वह जीवट व संघर्ष का माद्दा था, यह आने वाले रेसलर्स के लिये प्रेरणा बना रहेगा।

# छात्र आंदोलन की आग में कई ताकतों ने रोटियां सेंकीं भू-राजनीतिक पेचीदगियां चुनौतीपूर्ण

■ आनंद कुमार

इसमें तनिक भर भी संदेह नहीं है कि शेख हसीना के नेतृत्व में दक्षिण एशिया में उभर रही राजनीतिक स्थिरता और क्षेत्रीय सहयोग कई देशों की आंखों में चुभ रहा था। भारत के साथ उनके घनिष्ठ संबंधों ने न केवल विद्रोह और आतंकवाद से ग्रस्त क्षेत्र में व्यवस्था कायम की, साथ ही, आर्थिक समृद्धि को भी बढ़ावा दिया। ऐसे परिदृश्य में जब वह इसी वर्ष जून से पहले बांग्लादेश पर मजबूती से नियंत्रण रखती दिखाई दी हों, तो उनके तख्तापलट में विदेशी भागीदारी के होने का संदेह जताया जाना, चौंकाता नहीं है। हसीना के तख्तापलट में विदेशी हस्तक्षेप की आशंका जताने वाले अक्सर अमेरिका को प्रमुख संदिग्ध के रूप में इंगित करते हैं। दरअसल, बांग्लादेश की आजादी से भी पहले वहां के एक सैन्य अड्डे पर अमेरिका की नजर है। इसके पुख्ता प्रमाण हैं कि पूर्वी पाकिस्तान (अब बांग्लादेश) के मुक्ति संग्राम के दौरान अमेरिका ने सेंट मार्टिंस द्वीप पर सैन्य अड्डा स्थापित करने की अनुमति के बदले पूर्वी पाकिस्तानी नेताओं को समर्थन की पेशकश की थी। यह बात दीगर है कि इस प्रस्ताव को अस्वीकार कर दिया गया। लेकिन बांग्लादेश की आजादी के बाद भी अमेरिका इसके लिए प्रयास करता रहा। यह मुद्दा खासकर वरिष्ठ अमेरिकी सैन्य अधिकारियों की बांग्लादेश यात्रा के दौरान द्विपक्षीय यात्राओं में अक्सर उठता रहा। हाल ही में शेख हसीना ने भी खुलासा किया था कि अमेरिका के एक प्रतिनिधि ने बांग्लादेश में अमेरिकी सैन्य अड्डे के प्रस्ताव के साथ उनसे संपर्क किया था। हालांकि अपने राष्ट्रवादी रुख और अपने पिता शेख मुजीबुर रहमान की विरासत को लेकर अपनी प्रतिबद्धता का हवाला देते हुए उन्होंने अमेरिका के प्रस्ताव को खारिज कर दिया था। उन्होंने यह भी कहा था कि वह सत्ता में बने रहने के लिए बांग्लादेश को नहीं बेचेंगी। इसके अतिरिक्त, अमेरिका बांग्लादेश को अपनी इंडो-पैसिफिक रणनीति में शामिल करने की भी कोशिश कर रहा है, जिसका लक्ष्य अमेरिका के साथ उसके रक्षा संबंधों को मजबूत करना और उसे सैन्य उपकरण बेचना है। बांग्लादेश ने अमेरिकी हथियारों में तो रुचि दिखाई, लेकिन उन्हें इंडो-पैसिफिक ढांचे के तहत खरीदने से इन्कार किया, क्योंकि उसे डर था कि इससे उसका प्राथमिक सैन्य आपूर्तिकर्ता चीन नाराज हो जाएगा।

हसीना को सत्ता से बेदखल करने में एक और विदेशी शक्ति के शामिल होने का संदेह है और वह है चीन। बहुआयामी संबंधों के बावजूद भारत और बांग्लादेश की बढ़ती निकटता से चीन के असंतोष का बढ़ना छिपा नहीं है। कई रिपोर्ट तो यह खुलासा भी करती हैं कि चीन ने हसीना को सलाह दी थी कि वह अपनी चीन यात्रा से पहले भारत की यात्रा न करें। हालांकि हसीना ने चीन की सलाह को नजरअंदाज कर दिया था।

चीन मुख्य रूप से अपनी बेल्ट ऐंड रोड पहल (बीआरआई) परियोजनाओं और देशों के साथ व्यक्तिगत सैन्य सहयोग के माध्यम से दक्षिण एशिया में अपना प्रभाव बढ़ाने का इच्छुक रहा है। गौरतलब है कि चीन और भारत दोनों ने बांग्लादेश में तीस्ता नदी पर जल प्रबंधन परियोजना में रुचि जताई है। हालांकि अपनी भारत यात्रा के दौरान शेख हसीना ने यह पुष्टि की थी कि वह भारत के साथ संवेदनशील और राजनयिक संबंधों को ध्यान में रखते हुए इस परियोजना को भारत को सौंपेंगी। दरअसल, बांग्लादेश की भविष्य की जल संबंधी जरूरतों के लिहाज से तीस्ता नदी के ऊपरी तटवर्ती देश के रूप में भारत का सहयोग महत्वपूर्ण है। इसके अतिरिक्त, श्रीलंका के कर्ज संकट के बाद दक्षिण एशियाई देश चीन से कर्ज लेने में जो अतिरिक्त सावधानी बरतते हैं, उसने भी हसीना के निर्णय में बड़ी भूमिका निभाई।







जुलाई की अपनी चीन यात्रा के दौरान बांग्लादेश के विदेशी मुद्रा संकट को कम करने के लिए पांच अरब डॉलर के कर्ज को हासिल करने की हसीना की उम्मीदें तब धराशायी हो गईं, जब चीन ने महज दस करोड़ डॉलर की पेशकश की। यही नहीं, उन्हें अपेक्षित प्रोटोकॉल भी नहीं मिला। चीनी राष्टपति शी जिनपिंग ने उन्हें पर्याप्त समय तो नहीं ही दिया, चर्चा को आगे बढ़ाने का दायित्व भी प्रधानमंत्री ली केकियांग पर छोड़ दिया। निराश होकर हसीना को अपना दौरा छोटा करना पड़ा। चीन के इस तरह के व्यवहार से गहरी रणनीतिक गणनाओं के संकेत मिलते हैं, जो उनके तख्तापलट में चीन की भागीदारी के बारे में लगाए जा रहे अनुमानों को मजबूत आधार भी देते हैं।

दक्षिण एशिया में चीन का सबसे करीबी रणनीतिक सहयोगी पाकिस्तान भी संदेह पैदा करता है। भारत और बांग्लादेश के मजबूत रिश्ते पाकिस्तान को हमेशा से ही नागवार गुजरे हैं। हसीना के कार्यकाल से पहले पाकिस्तान के आतंकी समूह बांग्लादेश में अपेक्षया ज्यादा आजादी के साथ काम करते थे। 2009 में हसीना द्वारा बांग्लादेश की सत्ता संभालने के बाद पाकिस्तान की आईएसआई ने बांग्लादेश राइफल्स के भीतर विद्रोह भड़का कर उनकी सरकार को अस्थिर बनाने का असफल प्रयास भी किया था। हालांकि हालिया छात्र विरोध प्रदर्शन ने हसीना के लिए अप्रत्याशित चुनौतियां खड़ी कर दीं। बीएनपी के साथ ऐतिहासिक रूप से बांग्लादेश की मुक्ति का विरोध करने वाले जमात-ए-इस्लामी कैडरों ने भी छात्र आंदोलन का पूरा फायदा उठाया। नहीं भूलना चाहिए कि 1971 में जब बांग्लादेश का मुक्ति संग्राम लड़ा गया, तब जमात ने अपने ही लोगों के खिलाफ लड़ाई लड़ी थी, और उनके सदस्यों को ही रजाकार कहा जाता था। यह संकेत भी मिलते हैं कि विपक्षी नेता खालिदा जिया के बेटे तारिक रहमान ने कथित तौर पर लंदन में आईएसआई के साथ मिलकर राजनीतिक फायदे के लिए छात्रों के विरोध प्रदर्शन का इस्तेमाल किया। गौरतलब है कि भ्रष्टाचार के कई आरोपों के चलते लंदन में रह रहे तारिक अब बांग्लादेश वापसी कर रहे हैं। बांग्लादेश में जो हुआ, उसमें प्रत्यक्ष तौर पर विदेशी भागीदारी साबित करना तो चुनौतीपूर्ण है, क्योंकि ये देश खुलकर सामने नहीं आते। लेकिन यह स्पष्ट है कि छात्र आंदोलन ने अराजकता की जो आग भड़काई, उसमें कई विदेशी ताकतों ने अपनी रोटियां सेकी हैं। भू-राजनीतिक पेचीदगियां यह भी रेखांकित करती हैं कि शेख हसीना किस तरह दक्षिण एशिया की जटिल अंतरराष्टीय व क्षेत्रीय राजनीति का शिकार बनीं।

**– साभार**

# समाज सुधार के बिना आर्थिक विकास अधूरा समग्र कार्यक्रम जरूरी

■ भारत डोगरा

प्रायः आर्थिक विकास को अधिक महत्व दिया जाता है पर अनुभव से पता चलता है कि समाज-सुधार के समुचित प्रयासों के बिना आर्थिक विकास अधूरा ही रह जाता है। इसमें अनेक विसंगतियां भी आ सकती हैं। अतः समाज-सुधार के समग्र कार्यक्रम पर व्यापक सहमति बनाकर इसे निरंतरता से आगे ले जाना चाहिए। इसमें एक बड़ी प्राथमिकता यह होनी चाहिए कि सभी तरह के नशे को न्यूनतम करने के लिए निरंतरता से जन-अभियान चलने चाहिए। सभी तरह के नशे न्यूनतम कैसे हो सकते हैं, इसकी एक सुलझी हुई समझ बना लेनी चाहिए। फिर इस आधार पर सभी गांवों व शहरी बस्तियों में नशा-विरोधी समितियों का गठन कर निष्ठापूर्वक कार्य होना चाहिए। इस प्रयास में अग्रणी भूमिका महिलाओं की होनी चाहिए।

महिलाओं के विरुद्ध जो विभिन्न तरह की हिंसा होती है, उसे न्यूनतम करने के प्रयास निरंतरता से होने चाहिए, पर केवल यही पर्याप्त नहीं है। महिलाओं को समाज में अधिक सम्मान मिले इसके लिए प्रयास होंगे तो महिला-विरोधी हिंसा अपने आप कम होगी। महिलाओं की गरिमामय स्थिति बनी रहे पर साथ में उन्हें समाज के सभी क्षेत्रों से अधिक खुलकर जिम्मेदारियां निभाने और कार्य करने के अवसर मिलने चाहिए। बेटियों की शिक्षा बड़नी चाहिए व साथ में खेलों में, सांस्कृतिक गतिविधियों में भी बेहतर अवसर मिलने चाहिए।जुआ या गैंबलिंग कई रूप में आ गया है। सभी तरह के जुए से दूर रहना चाहिए। साथ में यह विचार विकसित होना चाहिए कि जो अपनी मेहनत की कमाई है, वही सबसे उचित कमाई है। सभी तरह के अपराधों से दूर रहने का विचार सभी लोगों में विशेषकर युवाओं में प्रतिष्ठित करना चाहिए।

समाज में किसी के प्रति भी भेदभाव नहीं होना चाहिए। धर्म, जाति, रंग, नस्ल, लिंग, क्षेत्रीयता आदि किसी भी आधार पर भेदभाव अनुचित है। सभी मनुष्यों की समानता को हृदय से स्वीकार करना चाहिए व इस आधार पर सभी की भलाई के लिए सोचना चाहिए। इस तरह के विचारों के प्रसार से समाज तरह-तरह की संकीर्णता व उस पर आधारित द्वेष व आक्रामकता से मुक्त होगा।अपने से निर्धन या कमजोर स्थिति के किसी भी व्यक्ति के प्रति हमारा व्यवहार उसकी भलाई को बड़ाने वाला व नम्रता का होना चाहिए। उसकी कमजोर स्थिति के आधार पर उसका शोषण कभी नहीं करना चाहिए अपितु यह सोचना चाहिए कि यथासंभव हम उसकी कितनी सहायता कर सकते हैं। शोषण की सोच से समाज को मुक्त करना समाज-सुधार का एक अति महत्वपूर्ण पर उपेक्षित पक्ष है।परिवार में, आस-पड़ोस में व अन्य स्तरों पर लड़ाई-झगड़ों, क्रोध में बोले गए कठोर वचनों से बचना चाहिए। बदले की भावना में सुलगते रहने या अदालती झगड़ों में उलझने के स्थान पर यथासंभव किसी वाद-विवाद को स्वयं व मित्रों की सहायता से शीघ्र सुलझा लेना चाहिए। आस-पड़ोस में व गांव समुदायों में या शहरी मोहल्लों में अत्यधिक प्रतिस्पर्धा व ईर्ष्या के माहौल के स्थान पर आपसी सहयोग व मिल-जुलकर कार्य करने के माहौल को तैयार करना चाहिए। बच्चों को भी अत्यधिक प्रतिस्पर्धा की होड़ से बचाना चाहिए। सादगी के जीवन को नए सिरे से प्रतिष्ठित करना चाहिए। विशेषकर समारोहों, उत्सवों, शादी-ब्याह आदि में अधिक खर्च करने से बचना चाहिए। समाज में व्यापक प्रयास से दहेज-प्रथा को यथासंभव समाप्त ही कर देना चाहिए। विवाह जैसे पारिवारिक जरूरी कार्यों के लिए कोई तनाव न हो व आपसी सहयोग, कम खर्च से सब परिवार अपनी जिम्मेदारियां निभा सकें, ऐसा प्रयास करना चाहिए।तकनीकी विकास व बदलावों के दौर में समाज में यह चेतना विकसित होनी चाहिए कि नए तकनीकी उपकरणों से जहां अनेक लाभ होते हैं वहां इनका दुरुपयोग भी हो सकता है। इससे सामाजिक क्षति भी हो सकती है। अतः तकनीकी प्रसार के साथ इनके सुरक्षित व जिम्मेदारी भरे उपयोग के महत्व को भी समाज में रेखांकित करना चाहिए।पर्यावरण रक्षा की जिम्मेदारी हम सभी की है व हमें इसे निभाना चाहिए। इस सोच का प्रसार निरंतरता से होना चाहिए। नागरिकों को कूड़ा निपटाने के बेहतर ढंग अपनाने चाहिए। पर्यावरण की रक्षा को सादगी की जीवनशैली से जोड़ने की समझ समाज में विकसित होनी चाहिए। सभी जीव-जंतुओं के प्रति करुणा की भावना विकसित होनी चाहिए।



जरूरी नहीं है कि समाज-सुधार का कार्यक्रम इस आधार पर ही बने पर ये कुछ महत्वपूर्ण संकेतक हैं जिनके आधार पर बेहतर समाज निर्माण हो सकता है जिसमें दुख-दर्द और तनावों को बहुत कम किया जा सके। यह भी जरूरी नहीं कि सभी गांवों व मोहल्लों में सब जगह एक-सा ही कार्यक्रम बने, पर जब एक बार वे आपसी सहमति से कार्यक्रम बना लें तो महिलाओं के नेतृत्व में इस कार्यक्रम को निष्ठापूर्ण व निरंतरता से आगे अवश्य बढ़ाएं।

**– साभार**

प्यार होता है तो पहली नज़र में पूरी तरह हो जाता है। दूसरी नज़र में तो आलोचना हो सकती है, पुनर्विचार हो सकता है।

## निशाना

### लेंगे हम संभाल !



दूर होगा रहना ।
लेंगे हम संभाल ।।
तय हमें ही करना ।
क्या हो अपना हाल ।।
दखलंदाज़ी ठीक नहीं ।
सहन ना होने वाला ।।
ना ही टांग अड़ाओ ।
ना जपो फिर माला ।।
रह कर दोनों ओर ।
ना चलो ये चाल ।।
आग ना लगाओ ।
ना कुछ करो बवाल ।।
दशकों की रणनीति अब ।
होने वाली फेल ।।
हो रहे हम सक्षम ।
कस सकते नकेल ।।

**- कृष्णेन्द्र राय**

## आज का इतिहास

- 1173 एक शिविर का निर्माण, जो अंततः पीसा का लीनिंग टॉवर होगा, शुरू हुआ।
- 1173 दुनिया के सात अजूबों में से एक इटली के पीसा की झुकी हुई मीनार का निर्माण शुरू हुआ। इस मीनार का निर्माण पूरा होने में करीब दो शताब्दियां लग गईं।
- 1483 वेटिकन सिटी में सिस्टिन चैपल में पहला मास मनाया गया।
- 1483 वेटिकन का सिस्टिन चैपल प्रार्थना के लिए खुला।
- 1757 सात वर्ष का युद्ध - सकल-जेजेर्डोर्फ की लड़ाई- हंस वॉन लेहवाल्ड के तहत एक पोर्शिया सेना ने मार्शल स्टेपान एप्रेक्सिन की रूसी सेना ने हराया।
- 1830 लुई फिलिप फ्रेंच के राजा बने।
- 1831 अमेरिका में पहली बार स्टीम इंजन ट्रेन चली।
- 1854 हेनरी डेविड थोरो ने वाल्डेन को प्रकाशित किया, उनके दो साल के हवासिंगपुरा का खाता, जो ज्यादातर यूएस के मैसाचुसेट्स के वाल्डेन पॉन्डर्न कॉनकॉर्ड के तट पर अलगाव में रहते हैं।
- 1877 सेना दोनों पक्षों को कई हताहतों का सामना करना पड़ा क्योंकि वे बिग होल की लड़ाई में गतिरोध के लिए लड़े थे।
- 1902 एडवर्ड को यूनाइटेड किंगडम के राजा का ताज पहनाया गया।
- 1902 डेनमार्क के एडवर्ड सप्तम और एलेक्जेंड्रा को यूनाइटेड किंगडम ऑफ ग्रेट ब्रिटेन और आयरलैंड के राजा और रानी का ताज पहनाया गया।
- 1910 अल्वा फिशर ने बिजली से चलने वाली वाशिंग मशीन का पेटेंट हासिल किया।
- 1914 प्रथम विश्व युद्ध-फ्रांस ने जर्मनी से अलसेस प्रांत को पुनर्प्राप्त करने के लिए अनायास असफल प्रयास में युद्ध का अपना पहला हमला किया।
- 1916 कैलिफ़ोर्निया में लस्सेन ज्वालामुखीय राष्ट्रीय उद्यान स्थापित किया गया।
- 1925 क्रांतिकारी राम प्रसाद बिस्मिल के नेतृत्व में 10 लोगों ने गार्ड के डिब्बे में लोहे की तिज़ोरी को तोड़कर चार हज़ार रुपये लेकर फरार हो गए। यह घटना काकोरी षड्यंत्र के नाम से प्रसिद्ध है।।

### 10 दिवसीय नाग द्वारी मेले में जिला प्रशासन द्वारा की जा रही यथासंभव व्यवस्थाएं

# नागपंचमी पर नागद्वारी में श्रद्धालुओं का उमड़ रहा सैलाब

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो।** शिवशम्भू की पवित्र नगरी पचमढ़ी में नागपंचमी मेला में महाराष्ट्र, मप्र एवं अन्य राज्यों से लाखों की संख्या में श्रद्धालू नागद्वारी के स्वामी के मंदिर प्रकृति के सौंदर्य को निहारते हुये दर्शन हेतु लगातार पहुंच रहे हैं। 10 दिवस तक चलने वाले नागपंचमी मेले में जिला प्रशासन द्वारा यथासंभव व्यवस्था की जा रही है। भक्तों को शुद्ध पेय जल की व्यवस्था भी पानी टैंकरों के माध्यम से की जा रही है, पूरे मेला क्षेत्र में साफ सफाई पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है, जगह जगह ब्लिचिंग, चूना पाउडर का छिडकाव किया जा रहा है तथा जलगली, काजरी, चिंतामन तथा नागद्वारी स्थल पर साफ सफाई निरंतर करायी जा रही है। वन विभाग द्वारा वर्षा के चलते खराब हुए मार्ग को वाहनों हेतु सुगम व दुरस्त किया जा रहा है जिससे जिप्सियों एवं अन्य वाहनों का आवागमन सुगम हो रहा है।



जिला प्रशासन द्वारा ड्युटी पर लगाये हर विभाग से हजारों कर्मचारी भारी वर्षा में भी दुर्गम स्थानों पर तैनात हैं, भारी बरसात के बीच भक्तगणों की यात्रा सुगम एवं आनंदमयी हो रही है। पुलिस प्रशासन एवं शासकीय अमला का भी भक्तगणों को आवश्यक सहयोग प्रदान किया जा रहा है, जिससे भक्तगणों को किसी भी प्रकार का कष्ट न हो इस बात का विशेष ध्यान रखा जा रहा है एवं भक्तों की अपार भीड़ के उपरान्त भी उच्चाधिकारियों द्वारा स्वंय मौका स्थल पर खड़े रहकर मार्ग सुचारू एवं गतिमय बनाए हुए है। इसी प्रकार मेला क्षेत्र में भी पुलिस प्रशासन मुस्तैद है। इसी प्रकार चिकित्सा विभाग द्वारा निर्धारित स्थलो पर भक्तों को चिकित्सा व्यवस्था उपलब्ध कराकर कर्मठता एवं सुझारू तथा तनमन लगाकर भक्तों को सेवा की जा रही है। महादेव मेल समिति द्वारा समस्त व्यवस्थाओं जैसे भोजन, पानी एवं साफ सफाई हेतु लगाए, सफाई कर्मियो के द्वारा मेला क्षेत्र में सफाई व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है। विभिन्न स्थानों पर निःशुल्क भण्डारों के संचालन में प्रशासन द्वारा सफाई कर्मी एवं चूना ब्लीचिंग की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है।

महादेव मेला समिति में केंट्रोल रूम से मेला क्षेत्र में होने वाली समस्त गतिविधियों पर निरन्तर नजर बनाये रखा है। उच्चाधिकारियों द्वारा प्रतिदिन बैठक कर मेले का अपडेट लिया जा रहा है एवं मेला क्षेत्र में आने वाली समस्याओं को तत्परता से हल किया जा रहा है। अस्थाई निशुल्क विश्राम टेंट जो अधिक वर्षा के चलते खराब हो गये थे उन्हें पुनः श्रद्वालुओं के विश्राम हेतु तैयार कर लिया गया है। साडा पचमढ़ी की जल प्रदाय शाखा द्वारा भी भक्तों को पूर्ण मेला क्षेत्र में शुद्ध पेयजल मिल सके उस हेतु सप्लाई निरंतर बनायी रखी गई है।

क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय नर्मदापुरम द्वारा वाहनों की चेकिंग कर ओवरलोडिंग को रोकने की हिदायतें दी जा रही है जिससे मेले में वाहनों का सुचारु एवं सफल संचालन में विशेष सहयोग प्राप्त हो रहा है।नागद्वारी मेला 2024 में समस्त विभागों के द्वारा अपने अपने कर्तव्यों का पूरी निष्ठा के साथ पालन किया जा रहा है अनुविभागीय अधिकारी राजस्व पिपरिया एवं पदेन सचिव महादेव मेला समिति पचमढ़ी निरंतर कार्यालय में अधिक से अधिक समय देकर मेले की व्यवस्थाओं पर पैनी नजर बनाए हुए है। मेले के आठवें दिन भी भक्तों की अपार भीड़ से पचमढ़ी में ÷हर भोला हर हर महादेव ÷के जयकारे लगाते नागद्वार दर्शन हेतु पधारे भक्तों से पूरा पचमढ़ी भक्तिमय हो रहा है।

आज नागपंचमी होने से लाखों श्रद्धालूओं के आने की संभावना है जो दर्शन हेतु नागद्वार पहुँचगें। श्रद्धालुओं के कथन अनुसर एसी मान्यता है कि पदमशेष वासूकी नाग अपनी देवियों चित्रशाला एवं चिंतामणी के साथ निवास करते थे। नागद्वार में पदमशेष की पूजा हलवा एवं नारियल से की जाती है तथा अग्नी द्वार एवं स्वर्गद्वार में नींबू की भेट दी जाती है। भक्तो का कहना है कि यहाँ मांगी गई हर मानता पूर्ण होती है। यहां पर गुप्त गंगा तथा हनुमान गिरी नामक स्थान भी मौजूद है, जिनकी पूजा भी महाराष्ट, बैतूल, छिंदवाडा आदि से आये श्रीद्वालुओं द्वारा की जाती है।

नागद्वारी मेला क्षेत्र में महाराष्ट राज्य से आये सेवा मंण्डलो द्वारा मेले में आने वाले श्रद्वालुओ के लिये निःशुल्क रात्रि विश्राम, भोजन एवं प्रसादी की व्यवस्था की गई है। मेले में किसी भी आपातकालीन आपदा से निपटने के लिये जिला डिस्ट्रिक होमगार्ड एवं सिविल वालंटियर्स के लगभग 80 जवान, जिला स्वास्थ विभाग द्वारा 20 चिकित्सा अधिकारी के साथ 30 सहायक चिकित्सक विभिन्न स्थलों पर उपलब्ध हैं। आठवें दिन तक लगभग 403 वाहनों को परमिट प्रदाय किया गया है जिससे भक्तों को न्यूनतम दर पर बस स्टाप से जलगली तक छोडा जा रहा है।

## कलेक्टर से ग्रामीणों ने की शासकीय भूमि से दबंगो का अवैध अतिक्रमण हटाने की मांग

**सिवनी मालवा, दोपहर मेट्रो।**




टप्पा तहसील शिवपुर के ग्राम कोलगांव के रहवासियों ने जिला कलेक्टर सोनिया मीणा को आवेदन देकर गोचर एवं शासकीय भूमि से अतिक्रमण हटाने की मांग की है। ग्राम वासियों का कहना है की गौशाला तक रोड निर्माण नहीं हुआ है। कोलगांव के पटवारी हल्का नंबर 04 में लगभग 100 एकड़ जमीन जो गोचर की है जिस पर दबंगों ने कब्जा कर सोयाबीन की फसल बो कर अतिक्रमण कर लिया है। इस अतिक्रमण को हटाया जाए वहीं गौशाला तक रोड बनवाया जाए। शासकीय भूमि में दबंगो ने अतिक्रमण कर लिया जिससे बकरी पालन, मवेशी पालन करने वालों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ग्राम वासियों का कहना है कि पटवारी से रिकॉर्ड लेकर शासकीय भूमि से अतिक्रमण हटाया जाए। शासकीय भूमि में अतिक्रमण होने से निजी भूमि वाले किसानों को अपने खेतों में जाने की भी दिक्कत हो रही है। रास्ता नहीं मिल रहा है । कोलगांव के लोगों ने कलेक्टर से मांग की है कि इस मामले में जल्द से जल्द स्थानीय प्रशासन को अवगत कराया जाए। लोगों का कहना है यदि भूमि से अतिक्रमण नहीं हटाया और समस्या का हल नहीं हुआ तो सभी ग्रामवासी आंदोलन करेंगे। जनसुनवाई में ओपी राजपूत जिला सह कार्यालय मंत्री भाजपा किसान, रतन सिंह राजपूत, प्रद्युम्न सिंह, राधा किशन सिसोदिया, मंगल सिंह चौहान, वीरेंद्र सिंह पटेल, अंतर सिंह तोमर, शेर सिंह राजपूत, देवेंद्र सिंह तंवर , लक्ष्मी नारायण, रामचंद्र आदि मौजूद थे।

## विधि विभाग द्वारा किया गया पौधरोपण, वृक्षों के महत्व को बताया गया

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो।**

प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस शासकीय नर्मदा महाविद्यालय में 8 अगस्त 24 को विधि विभाग द्वारा उत्साह पूर्वक वृक्षा रोपण किया गया। प्रभारी प्राचार्य डॉक्टर अमिता जोशी ने छात्रों को वृक्षों का महत्व बताते हुए



कहा कि वह हमें जीवन दायिनी आक्सीजन प्रदान करते हैं और हवा की गुणवत्ता को बेहतर बनाते हैं, इसलिए सभी को अपने आसपास अधिक से अधिक पेड़ लगाने चाहिए और उनकी देखभाल करनी चाहिए। छात्र-छात्राओं ने पेड़ लगाने और उनकी सेवा का संकल्प लिया। कुछ छात्र-छात्राएं अपने साथ पौधे भी लाए थे। विभागअध्यक्ष डॉ अपूर्वा वर्मा, डॉ अरुण शर्मा, चंद्रप्रभा सोनी ,हनीफा शेख अनुपमा कुजूर, एडलिन कुजूर , वरिष्ठ भाजपा नेता एवं महिला मोर्चा उपाध्यक्ष श्रीमती प्रेमलता तोमर एवं विधि विभाग के समस्त छात्र-छात्राओं की उपस्थिति में कई पौधे लगाए गए जिसमें विशेष रूप से अशोक के पौधों का विधि विभाग के सामने रोपण किया गया।

## मढ़ई में पर्यटकों को सुविधा मुहैया कराने कलेक्टर ने किया भ्रमण

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो।**

कलेक्टर सोनिया मीना गुरुवार को मढई में पहुंचकर पर्यटकों को और अत्यधिक सुविधा मुहैया कराने की संभावनाओं को तलाशा। उन्होंने सतपुड़ा टाइगर रिजर्व के श्री एल कृष्णमूर्ति के साथ पर्यटक संभावना वाले स्थान का भ्रमण किया। सतपुड़ा टाइगर रिजर्व के टिकट काउंटर इंटरप्रिटेशन सेंटर स्थापित करने की जगह देखी। बताया गया कि इंटरप्रिटेशन सेंटर बनाया जाएगा जिससे भविष्य में पर्यटकों को काफी लाभ होगा। उन्होंने पर्यटन की जगह का निरीक्षण किया। कलेक्टर ने इंटरप्रिटेशन सेंटर बनाने के लिए सोहागपुर के एसडीएम बृजेंद्र रावत एवं सतपुड़ा टाइगर रिजर्व के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा की मढई में पर्यटकों को और आकर्षक सुविधा मुहैया कराई जाएगी। पर्यटकों को मढई आने के लिए प्रेरित करने के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे। इस दौरान सतपुड़ा टाइगर रिजर्व के श्री एल कृष्णमूर्ति, जल संसाधन जल संसाधन विभाग के श्री राजपूत नायब तहसीलदार, अंजू लोधी सतपुड़ा टाइगर रिजर्व के असिस्टेंट डायरेक्टर अंकित जामोद, रेंजर बालासर कर उपस्थित रहे।



## महिलाएं किन्नर बन मांग रहीं पैसे, अवैध वेंडर भी बेच रहे खाद्य सामग्री

**इटारसी, दोपहर मेट्रो।**

ट्रेनों में अवैध बसूली ओर अवैध वेंडरी का दौर थमने का नाम नहीं ले रहा है, यह नजारा शुक्रवार को फिर गाड़ी संख्या 11463 में देखने को मिला, दोपहर मेट्रो की टीम ज़ब भोपाल से इटारसी के लिए ट्रेन में सवार हुई, तो ट्रेन में पैसे मांगने वाली महिलाए बेधडक होकर अवैध बसूली करती नजर आई है। इन महिलाओ के हौसले इतने बुलंद है कि ये आरपीएफ को भी ताक पर रख कर बसूली कर रही है। आज तो ये महिलाए ट्रेन के बी 3 कोच में आई थी, लेकिन कैमरा देखकर बापस लौट गई। वही अवैध वेंडर भी ट्रैन में बेधड़क होकर धंधा करते हुए नजर आये, इन सभी को देखकर ऐसा प्रतीत होता है कि ये लोग आरपीएफ पर भी भारी पड़ रहे है या पूरा काम मिलीभगत से हो रहा है।

एक दिन पूर्व आरपीएफ कमानडेड को इन सभी अवैध धंधों को जानकारी दी गई थी, अब देखना यह होगा कि इन पर कब कार्यवाही होंगी, ओर जो आरपीएफ स्टॉफ इन लोगो को संरक्षण देकर मोटी रकम कमा रहे है, उन पर कब गाज गिरेगी।

**बिना मिलीभगत के नहीं हो सकता कोई काम:** ट्रेनों व रेलवे स्टेशन पर बिना आरपीएफ की परमिशन के कोई भी कार्य कर लेना असम्भव है, इसलिए यह कहा जा सकता है कि स्टेशन ओर ट्रेन में जो भी अवैध कार्य व धंधे हो रहे है सब मिलीभगत से चल रहे है, स्थानीय चौकी का बाबू सब पर हावी है।

## नर्मदापुरम जिले में 2046 बच्चों को लगे डीपीटी एवं टीडी के टीके



**नर्मदापुरम।** प्रदेश में बच्चों को डिप्थीरिया टिटनेस से बचाव हेतु गुरुवार से शासकीय स्कूलों में टीडी डीपीटी टीकाकरण अभियान प्रारंभ हो गया है। जिले में 201 सत्र लगाए गए, जिनमे कक्षा पांचवी के 1198 बच्चों तथा कक्षा ग्यारहवीं के 848 बच्चों को टीडी का टीका लगाया गया। किसी भी बच्चे को टीकाकरण पश्चात कोई भी प्रतिकूल प्रभाव नहीं हुआ।

**मेट्रो एंकर**

### वित्तीय गड़बड़ी मामलों में लिप्त लिपिक को लेखा शाखा से नहीं हटाया

# नगर पालिका कर रही मनमानी, चाचा के स्थान पर भतीजे को किस नियम के तहत दी अनुकंपा नियुक्ति

### पूर्व विधायक से मजदूर संघ ने मुलाकात करके कर्मचारियों की समस्याओं से कराया अवगत

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो।**



नपा कर्मचारी मजदूर संघ के कार्यकारी अध्यक्ष महेश वर्मा ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि कांग्रेस पार्टी के नेता व पूर्व विधायक पं गिरिजा शंकर शर्मा से उनके निवास स्थान पर मजदूर संघ के प्रतिनिधि मंडल ने मुलाकात करके परिचर्चा में बताया गया कि श्रम विभाग संभाग कार्यालय में कर्मचारियों की 25 सूत्रीय मांगों को लेकर प्रकरण चलायमान था जिसको मध्य प्रदेश शासन माननीय श्रमायुक्त न्यायालय इंदौर के लिए रिफर किया गया है। शासन से जारी आदेशो की अवमानना नगरपालिका में निरंतर जारी है। एक लाख राशि कि सीमा के अंदर 644 फाइल जिसमें वित्तीय अनिमित्ताये लिपिक के द्वारा की गई है शायद जांच भी चलायमान है वित्तीय अनियमित्ताओं के दोषी लिपिक को शासन आदेश के पालन में आजतक लेखा शाखा से नहीं हटाया गया। स्थापना शाखा में पदस्थ महिला लिपिक जिसकी शिकायत कर्मचारियों के हित में मजदूर संघ के द्वारा नगरपालिका से लेकर शासन स्तर तक कि गई है उसका भी स्थापना शाखा से स्थानांतरण नहीं किया जा रहा है। इनको संरक्षण देकर नगरपालिका में शासन के आदेशों कि अवमानना लगातार कि जा रही है।

नगरपालिका में मृतक की पत्नी के अधिकारों का हनन करते हुए चाचा का आश्रित मानकर दूसरे नामिनी भतीजे को चपरासी के पद पर नगरपालिका में अनुकंपा नियुक्ति दी गई है व आत्महत्या करने वाले मृतक कर्मचारियों के आश्रितों को भी अनुकंपा नियुक्ति नियमावली के विपरीत तीन आश्रितों को अनुकंपा नियुक्ति दी गई चौथे आत्महत्या करने वाले आश्रित को अनुकंपा नियुक्ति से आज तक वंचित करके रखा गया है लेवर कोर्ट के आदेश कि मान्यता पर उपयंत्री को नियुक्ति दी गई बकाया सम्मिलित कर्मचारियों को उमादेवी शासन आदेश पर नियमितीकरण देकर माननीय न्यायालय जबलपुर के आदेश कि अवमानना भी नगरपालिका कर रही है इस प्रकरण में शासन से मार्गदर्शन न लेकर स्वयं निर्णय लेकर माननीय न्यायालय जबलपुर में अवमानना का प्रकरण दर्ज करने हेतु बाध्य किया जा रहा है।मजदूर संघ के पदाधिकारियों की सभी बातों को श्री शर्मा जी के द्वारा ध्यान देकर गंभीरता के साथ सुना गया अनुकंपा नियुक्ति के मामलों में माननीय न्यायालय जबलपुर में प्रकरण दर्ज करने हेतु कहा गया साथ ही आर्थिक मदद करने का आश्वासन भी दिया गया विधानसभा सत्र व परिषद सत्र में कर्मचारियों से संबंधित सभी मुद्दे व अनुकंपा नियुक्ति के मुद्दे जोर शोर के रखे जायेंगे यह भी आश्वासन दिया गया साथ ही यह मार्गदर्शन भी दिया गया कि कर्मचारी हित में संगठन अपने कर्तव्य का पालन करे हमसे जो सहयोग बनेगा करेंगे परिचर्चा में ओपी रावत, मनोहर सराठे भी उपस्थित थे। मजदूर संघ की बात कर्मचारियों के हित में सुनी गई इसके लिए आभार व्यक्त किया गया।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में शिविर का आयोजन

### 82 कुपोषित बच्चों का किया परीक्षण

**सिवनी मालवा, दोपहर मेट्रो।**



8 अगस्त को महिला बाल विकास परियोजना और स्वास्थ्य विभाग के द्वारा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिवनी मालवा में किया गया। जिसमें 82 कुपोषित बच्चों की जांच की गई सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कुपोषण को कम करने के प्रयास हेतु इस स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया जिसमें शहरी क्षेत्र सेक्टर सिवनी मालवा, सतवासा ,पिपलिया ,नंदरवाड़ा ,खपरिया सेक्टर के जन्म से 6 वर्ष तक के बच्चे अपने अभिभावक के साथ आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के सहयोग से स्वास्थ्य केंद्र तक आए स्वास्थ्य शिविर में पर्यवेक्षक एवं कार्यकर्ताओं के द्वारा बच्चों का वजन ऊंचाई /लंबाई, एमयूएसी लेकर कुपोषण मापा गया और डॉक्टर जय सिंह कुशवाहा डॉक्टर मनीष गौर डॉ दीपमाला मौर्य द्वारा उपचार उपरांत दवाई वितरण की गई। डॉक्टर कांति बाथम के द्वारा मौसमी बीमारी की रोकथाम एवं जन्मजात विकृति के संबंध में आवश्यक जानकारी दी गई प्रभारी परियोजना अधिकारी रेखा यदुवंशी द्वारा खान-पान स्वच्छता संबंधी आवश्यक परामर्श दिया गया। समस्त बच्चों के अभिभावकों को 15 दिन बाद जांच कराने हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आने के लिए समझाइए दी गई शिविर में पर्यवेक्षक मीनाक्षी लौवंशी , चंद्रकला बिंनडैया ,आसमा खान ,सारिका साध ,सुखीना असवारे सोनिया सैनी, रीना उपाध्याय ,निशा साध सुचित्रा राजावत उपस्थित रहे।

# सावन के चौथे सोमवार को बाबा विश्वनाथ के धाम तक निकाली जाने वाली कांवड़ यात्रा के लिए किया जनसंपर्क



**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**
सावन के महीने में क्षेत्र के प्रसिद्ध तीर्थस्थल बाबा विश्वनाथ धाम देवपुर के लिए आगामी सोमवार को आयोजित होने वाली विशाल कांवड़ यात्रा के लिए समिति के सदस्यों द्वारा गुरुवार को सुभाष नगर में जनसंपर्क किया गया।

पूर्व मंत्री स्व. लक्ष्मीकांत शर्मा द्वारा शुरू गई कांवड़ यात्रा के आयोजन को भव्य ओर दिव्य बनाने के लिए बस्तियों में हो रहे जनसंपर्क के दौरान समिति के कार्यकर्ताओं ने घर घर एवं दुकान दुकान पहुँचकर यात्रा संबधी प्रचार सामग्री देकर स्थानीय मंडी प्रांगड़ से प्रारम्भ होकर मुख्य बाजार से होते हुए देवपुर धाम को जाने वाली यात्रा में नागरिकों माता बहिनों से कांवड़ लेकर चलने का आग्रह भी किया।

इसके पूर्व बुधवार रात्रि में कांवड़ यात्रा समिति के संरक्षक उमाकांत शर्मा के मार्गदर्शन में आयोजन समिति की एक व्यवस्था संबंधी बैठक का भी आयोजन किया गया। बैठक में समिति के सदस्यों को कांवड़ यात्रा के दौरान लगने वाली पंजीयन सहित विभिन्न व्यवस्थाओं का वितरण किया गया। इस दौरान प्रमुख रूप से शिवकुमार भार्गव,योगेश भार्गव, संतोष पाटीदार,हिमांशु अग्रवाल, ऋषि नेमा, संतोष पाटीदार,राकेश पालीवाल,सौरभ रावल,उमेश पटेल, नरेंद्र पाटीदार,अमित त्यागी,जितेंद्र प्रजापति, सौरभ चौरसिया तथा राजा गर्ग सहित सदस्यगण उपस्थित रहे।

# प्रदेश में कुएं में जहरीली गैस से बचाव के संबंध में निर्देश

**सिरोंज।** विगत दिनों प्रदेश में कुएं के अंदर जाने से कुछ व्यक्तियों की दर्दनाक मृत्यु हो गई है, यह घटना 25 जुलाई 2024 को कटनी तथा दो अगस्त 2024 को छतरपुर जिले में घटित हुई है। यह दोनों घटनाएं अत्यंत ही हृदय विदारक है। राजस्व एवं पदेन राहत आयुक्त, प्रमुख सचिव निकुंज कुमार श्रीवास्तव द्वारा इस संबंध में प्रदेश के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में कुएं में जहरीली गैस से बचाव के संबंध में निर्देश जारी किए गए हैं। जिसमें उल्लेख है कि नागरिक कुंए के अंदर ना जाएं क्योंकि कुएं की गहराई में कार्बन मोनो आक्साईड जैसी जहरीली गैसे पाई जाती हैं, जिससे व्यक्ति तत्काल मुर्छित हो जाता है और मृत्यु भी हो जाती है।

# दो प्रकरणों में नगद इनाम की घोषणा

**सिरोंज।** पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला के द्वारा फरार आरोपियों के दो प्रकरणों में सूचना देने वालो को दो-दो हजार रूपए की नगद राशि देने की उद्घोषणा की है। सूचनाकर्ता चाहे तो उसका नाम गोपनीय रखा जाएगा।

पुलिस अधीक्षक शुक्ला के द्वारा जारी इनाम उदघोषणा आदेश में उल्लेख है कि थाना गंजबासौदा के दर्ज अपराध क्रमांक 13/2024 का फरार आरोपी रोहित पुत्र रामसिंह गौर निवासी छीपाबड जिला हरदा तथा थाना सिविल लाइन में दर्ज अपराध क्रमांक 707/2023 के फरार आरोपी अंशुल पुत्र अजय कुमार गुरहा निवासी 10 इंदिरा काम्प्लेक्स वार्ड नम्बर 12 विदिशा की सूचना देने वाले को दो-दो हजार रूपए की नगद राशि इनाम देने की घोषणा की है।

## सहकारी संस्थाओं में नियुक्तियों में फर्जीवाड़ा मामला

# नियम - कायदे ताक पर, सहकारी समितियों में सगे संबंधियों की जा रही नियुक्तियां !

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**
सहकारी समितियों में अवैध तरीके से नौकरियां देने का मामला उजागर हुआ है। जानकारी के अनुसार तहसील के अंतर्गत 19 सहकारी संस्थाएं कार्यरत हैं। प्रशासक और समिति प्रबंधक की मिलीभगत से इन सोसायटीयों में दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी के नाम पर तीन दर्जन से अधिक अवैध नियुक्तियां कर डाली। और उन नियुक्तियों में भी इन लोगों ने अपने सगे संबंधी रिश्ते, नातेदारों को कर्मचारी बनाया है ननुसार इन नक्त के लिए शासन की गाइडलाइन अनुरूप विज्ञप्ति जारी कर योग्यता के आधार पर नियुक्तियां करनी थी। सूत्रों के अनुसार सहकारी संस्थाओं में नियुक्तियों के लिए अध्यक्ष और अन्य डायरेक्टर की सहमति के आधार पर समिति स्तर पर प्रस्ताव तैयार किया जाता है। इस प्रस्ताव को विभागीय स्तर पर भेजा जाता है। विभाग से स्वीकृति के मिलने के बाद उक्त व्यक्ति की नियुक्ति होती है। लेकिन वर्तमान में प्रशासक और समिति प्रबंधक ने अपनी मनमर्जी से रिश्ते नातेदार की नियुक्तियां कर दी हैं, जो क्षेत्र में जन चर्चा का विषय है।



दूसरी समितियों में करवाते हैं नियुक्तिः पड़ताल में जो सामने आया है वह चौंकाने वाला है क्योंकि प्रशासक और समिति प्रबंधक मिली भगत करके इन समितियां में कई वर्षों से लगातार अवैध नियुक्तियां करते जा रहे हैं। लोगों को यह समझ ना आए कि कैसे रिश्तेदारों को रखा गया है। इसके लिए यह समिति प्रबंधक एक दूसरे की सहकारी संस्थाओं में अपने रिश्ते नातेदारों की नियुक्तियां करते हैं। जैसे जिस सहकारी संस्था में कार्यरत है उसे संस्था में दूसरे समिति प्रबंधक के रिश्तेदार को रखा जाता है और यह लोग एक दूसरे की सहकारी संस्थाओं में अपने-अपने रिश्तेदार की नियुक्तियां कर लेते हैं। यही वजह है कि क्षेत्र में बेरोजगारी लगातार बढ़ती जा रही है लेकिन यह लोग भ्रष्टाचार कर अपने-अपने रिश्तेदारों को देने में लगे हुए हैं। जबकि इस तरह की अवैध नियुक्तियां कई वर्षों से लगातार निरंतर जारी है, फिर भी जिम्मेदारों का इस और कोई ध्यान ना देना उनकी कार्य प्रणाली पर भी सवाल खड़े करता है।

### जांच के लिए कलेक्टर से लगाई गुहार

समाज सेवी कार्यकर्ता मोहन रघुवंशी ने सहकारी संस्थाओं में कई आवेदन दिए, लेकिन अभी तक उन्हें कोई उचित जवाब प्रशासनिक स्तर से नहीं मिला है जिसके कारण उन्होंने अब विदिशा कलेक्टर बुद्धेश कुमार वैद्य से जांच की मांग की है। कलेक्टर को दिए इस ज्ञापन में उन्होंने बताया कि सहकारिता विभाग की पैक्स संस्थाओं में सेवा नियमों को दरकिनार करते हुए प्रशासक और प्रबंधक द्वारा बड़े स्तर पर सिरोंज में अपने नाते, रिश्तेदारों, सगे संबंधियों को दैनिक वेतन पर नौकरियों पर रखने का निरंतर क्रम वर्ष 2014 से लेकर आज तक लगातार जारी है। प्रबंधक एवं प्रशासक द्वारा नियुक्त कर्मचारी आज 12 हजार से 18 हजार तक प्रति माह तक प्राप्त कर रहे हैं जो कि न्याय उचित नहीं है, जिसकी वजह से पात्र युवा परेशान हो रहे हैं और अपात्र नौकरियां कर रहे हैं। जिससे बेरोजगारों का भरोसा मध्य प्रदेश सरकार से उठता जा रहा है। उन्होंने कहा कि पथरिया में आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर में भी अवगत कराया गया था। लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। इसके अलावा कई बार आवेदन, ज्ञापन दे चुके हैं। लेकिन हर बार सहकारी संस्थाओं के ही अधिकारियों को जांच अधिकारी बना दिया जाता है जिसके कारण जांच पड़ताल कागजों तक ही सीमित रह जाती है।

### रिश्तेदारों के साथ किराएदार को भी रखा नौकरी पर

हाजीपुर सोसायटी प्रबंधक द्वारा किराएदार और रिश्तेदार को नौकरी पर रखा गया है। ऐसे ही इकलोद समिति प्रबंधक ने अपने भतीजे को नौकरी पर रखा है। तो वही करियाहट समिति प्रबंधक ने भी अपने रिश्तेदार को ही नौकरी पर रखा है। ऐसा ही चितावर सोसाइटी में भी लिपिक लिपिक के भतीजे की नियुक्ति की गई है। इसके अलावा ऐसे कर्मचारियों की नियुक्ति भी की गई है जो इन समिति प्रबंधकों की सेवा देने में तत्पर खड़े रहते हैं। इसके लिए कोई नियम पात्रता नहीं देखी जाती क्योंकि यह लोग समिति प्रबंधकों के निजी कामकाज करते हैं। वही चाठोली सोसाइटी प्रबंधक के भाई भतीजे भी अन्य समितियों में कार्यरत हैं। ऐसे ही गरेंठा सोसाइटी में दामाद की नियुक्ति करने का मामला प्रकाश में आया है। तो वही तरवरिया में साले की नियुक्ति की गई है। बड़ौदा ताल सोसाइटी में दो सगे भाई ही कार्यरत हैं। ऐसे ही पामाखेड़ी सोसाइटी में भी पिता पुत्र कार्यरत हैं। इसके अलावा बैंक में काम करने वाले कर्मचारियों के भी रिश्ते नातेदारों को इन संस्थाओ में नियुक्तियां कर दी गई हैं।

**इनका कहना है-**

*आवेदन प्राप्त हुआ है, जिला स्तर से जांच करवाई जा रही है। जांच के बाद नियम अनुसार कार्रवाई की जाएगी।*

**बुद्धेश कुमार वैद्य,** कलेक्टर

# कागजों में चल रही है आंगनवाड़ी भोजन वितरण के हाल बुरे, एक्सपायरी डेट की मिली दवाएं

## एसडीएम ने सुपरवाइजर, कार्यकर्ता ,सहायिका और समूह को थमाया नोटिस

**सिरोंज।** आंगनबाड़ी केंद्र वार्ड क्रमांक 21 ब के संचालन में गंभीर लापरवाही सामने आने के बाद एसडीएम हर्षल चौधरी ने आंगनवाड़ी कार्यकर्ता श्रीमती भगवती पंथी, सहायिका गीताबाई, सुपरवाइजर इमोबेला किस्पोट्टा एवं जय गोंड बाबा सहायता समूह को नोटिस जारी करके तीन दिवस में जवाब देने के लिए समय दिया है उक्त समय सीमा में सांतोंजना जवाब नहीं मिलने पर कड़ी कार्रवाई करने की बात भी कई है।



बुधवार को एसडीएम हर्षल चौधरी ने मनसा पूरण मंदिर के पास में वार्ड नंबर 21 के ब केंद्र का जब औचक निरीक्षण किया तो यहां पर एक भी बच्चा मौजूद नहीं था उपस्थिति पंजी भी नहीं थी रजिस्टर भी नहीं मिला बच्चों को भोजन वितरण का कोई अता पता नहीं था केंद्र पर जो दवाइयां पोषक तत्व मिले वहा एक्सपायरी डेट के पाए गए पड़ोसियों से जब एसडीएम ने केंद्र के संचालन में छानबीन की तो पता चला कि कई महीनो से आंगनबाड़ी कार्यकर्ता यहां पर आए नहीं है सहायिका के द्वारा लेट केंद्र को खोला जाता है बच्चे आते नहीं क्योंकि केंद्र बहुत लेट खुलता है या जानबूझकर गोलमाल करने के लिए केंद्र का संचालन समय पर नहीं किया जाता है। भोजन वितरण के हाल भी बुरे मिले पड़ोस में भोजन देने की बात सामने आई है उसकी गुणवत्ता भी सही नहीं होती है ऐसी शिकायत भी की गई । सबसे बड़ी बात तो है कि केंद्र का संचालन समय पर नहीं हो रहा है कार्यकर्ता मौजूद नहीं मिली सहायक के द्वारा केंद्र में जो सामान दिखाया गया वहां भी एक्सपायरी डेट का था भोजन भी नहीं दिया जाता एक भी बच्चा मौजूद नहीं था।

# विधिक साक्षरता शिविर का हुआ आयोजन



**सिरोंज।** शासकीय लाल बहादुर शास्त्री महाविद्यालय सिरोंज में विधिक साक्षरता शविर का शुभारंभ न्यायालय प्रथम जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश सुरेंद्र मेश्राम द्वारा महात्मा गांधी के चित्र पर माल्या अर्पण कर किया गया। इस शिविर मैं न्यायाधीश सुरेंद्र मेश्राम द्वारा छात्र जीवन में उपयोग होने वाली चीजों का एवं भारतीय संविधान के विषय में विस्तार से महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं को अवगत कराते हुए छात्र-छात्राओं के कर्तव्य एवं अधिकार बताएं न्यायालय न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी कुमारी अंकिता जैन ने अपराधों की रोकथाम और अपराधों से बचाव के तरीके बताएं। इस अवसर पर शासकीय लाल बहादुर शास्त्री महाविद्यालय के प्राचार्य लालचंद राजपूत एवं विद्यालय स्टॉप महाविद्यालय सिरोंज के भारी संख्या में छात्र छात्राएं उपस्थित थे। छात्र छात्राओं द्वारा पूछे गए प्रश्नों के उत्तर भी न्यायाधीश गणों द्वारा दिए गए इस शिविर में लगभग 200 से 300 छात्र छात्राएं सम्मिलित थे । जिन्होंने कानून की जानकारी प्राप्त की और शिविर का लाभ लिया अंत में शिविर में आए सभी लोगों का आभार पैरा लीगल सर्विस के सदस्य रामबाबू द्वारा व्यक्त किया गया।

# छात्रावासों के बेहतर संचालन के लिए अधीक्षकों की बैठक



**सिरोंज।** कार्यालय जिला संयोजक जनजाति कार्य विभाग एवं अनुसूचित जाति विकास विभाग विदिशा में आज जिले के समस्त विभागीय छात्रावासों के अधीक्षकों के छात्रावास संचालन की समीक्षा के लिए बैठक आयोजित की गई थी। इस बैठक में समस्त अधीक्षकों को छात्रावास में निवास करने तथा छात्रावास के परिसरों, कक्षों एवं शौचालय में साफ-सफाई रखने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही कहा गया है कि छात्रावास में दिए जाने वाला भोजन नाश्ता आदि भी गुणवत्तापूर्ण एवं मीनू के अनुसार दिया जाए। जिला संयोजक श्रीमती पारुल जैन द्वारा जिले के अनुसूचित जाति सीनियर बालक छात्रावास, लोहांगी एवं जूनियर बालक छात्रावास का औचक निरीक्षण किया।

# दो प्रकरणों में जिला बदर की कार्यवाही

**सिरोंज।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी ने दो प्रकरणों में जिला बदर के आदेश जारी कर दिए है। पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला के प्रतिवेदन पर जिन दो प्रकरणों में जिला बदर की कार्यवाही की गई है। अनावेदक अख्तर अली पिता फकीर खॉन उम्र 35 साल निवासी खूसौर थाना नटेरन एवं अनावेदक अल्ताफ उर्फ अलताब पिता मुराद खां उम्र 45 साल निवासी खूसौर थाना नटेरन सहित पूर्व उल्लेखितों के विरूद्व मध्यप्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत जिला बदर की कार्यवाही का आदेश जारी हुआ है। दोनो अनावेदक विदिशा जिला एवं सीमावर्ती जिला रायसेन, भोपाल, गुना, अशोकनगर, सागर, राजगढ़ की राजस्व सीमा से क्रमशः छह-छह माह की कालावधि के लिए उसे निष्कासित किये गए है।

# कलेक्टर ने बैठक में राष्ट्रीय कार्यक्रमों की समीक्षा की

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**
कलेक्टर की अध्यक्षता में आज जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक संपन्न हुई। इस बैठक में उनके द्वारा स्वास्थ्य विभाग द्वारा महिला एवं बाल विकास विभाग के समन्वय से संचालित राष्ट्रीय कार्यक्रमों की गहन समीक्षा की गई है।

कलेक्टर ने कहा कि सर्व प्रथम जिले के प्रसव केन्द्रों पर प्रसव हो रहे हैं या नहीं या बहुत कम संख्या में प्रसव हो रहे हैं उन प्रसव केन्द्रों में प्रसव संख्या बढ़ाई जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विदिशा जिले में संचालित कोई भी राष्ट्रीय कार्यक्रम का संचालन प्रभावित ना हो सभी राष्ट्रीय कार्यक्रमों अंतर्गत टीकाकरण सहित अन्य कार्यो को जिम्मेदारी पूर्वक करें।

बैठक में खंड चिकित्सा अधिकारियों ने गर्भवती महिलाओ के पंजीयन, जांच एवं टीकाकरण कार्यों में कम उपलब्धि परिलक्षित होने का कारण उप स्वास्थ्य केंद्रों में एएनएम के पद रिक्त होना बताया। जिले में वर्तमान में एएनएम के 53 पद रिक्त है। कलेक्टर श्री बुद्धेश कुमार वैद्य ने एएनएम पदों की पूर्ति हेतु प्रस्ताव बनाकर नीति आयोग, भारत शासन एवं प्रमुख सचिव को भेजने तथा पद पूर्ति ना होने तक एएनएम को हायर कर रिक्त उप स्वास्थ केंद्रों में टीकाकरण एवं अन्य राष्ट्रीय कार्यक्रमों को सुचारू रूप से सम्पन्न कराए जाने हेतु निर्देशित किया उन्होंने कहा कि जिन उप स्वास्थ्य केन्द्रों पर दो एएनएम हैं वहां एक एएनएम को नजदीकी रिक्त उप स्वास्थ्य केंद्र का प्रभार दिया जाए।

जिला पंचायत सीईओ डॉ योगेश भरसट ने निर्देश दिए हैं कि सभी बीएमओ अपने-अपने अधीनस्थ अमले को बीमारियों के जांच उपकरण अच्छी क्वालिटी वाले रखें ताकि रिपोर्ट सही प्राप्त होकर मरीज को उचित उपचार मिल सके। संपूर्णता अभियान की सफलता हेतु सभी खण्ड चिकित्सा अधिकारियों को निर्देशित किया कि निरंतर प्रगति हेतु नवाचार करते रहें एवं की गई प्रगति से जिला कार्यालय को अवगत कराएं। जिला एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारी निरंतर अपने कार्यक्षेत्र में भ्रमण कर राष्ट्रीय कार्यक्रमों की समीक्षा करें।

**मेट्रो एंकर**

## हादसों को न्यौता दे रहे शासकीय व निजी जर्जर भवन

# शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में शासकीय जर्जर भवनों को तोड़ने की कार्रवाई शीघ्र की जाएगी : एसडीएम

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**
एसडीएम ने शहरी व गरमीण क्षेत्रो में शासकीय भवनों की जर्जर हालात को देखते हुए कलेक्टर बुद्धेश कुमार वैद्य के आदेश अनुसार जर्जर भवनों को गिराने की कार्यवाही शुरू कर दी है। एसडीएम हर्षल चौधरी ने प्रत्येक शासकीय विभागों में टीमें गठित करकर जर्जर भवनों को चिह्नित कर उक्त जर्जर भवनों की जानकारी मांगी है। जर्जर भवनों की जानकारी प्राप्त होते है समस्त शासकीय भवनों पर टोडने की कार्यवाही की जाएगी।



जर्जर भवनों को ढहाने की वर्षो से की जा रही मांग बारिश के मौसम को समाप्त होने में भी अब ज्यादा समय नही बचा है। लेकिन शहर व ग्रामीण क्षेत्रो में निजी व शासकीय भवन सालों से जर्जर हालत में खड़े भवन अब भी हादसों को न्यौता दे रहे है । महत्वपूर्ण बात यह है कि स्थानीय स्तर पर ऐसे भवनों का अब तक सर्वे भी नही कराया गया है। शहर के बीचो-बीच व ग्रामीण क्षेत्रो में अनेको ऐसे अनेको भवन है जो कि लगातार बारिश होने से वे कभी भी धरासाई हो सकते हैं। शहर क्षेत्र हो या फिर ग्रामीण क्षेत्र ऐसे कई शासकीय भवन प्रशानिक स्तर पर भी अनुपयोगी घोषित किए जा चुके है। लेकिन इन्हें गिराने की कार्रवाई अब तक नही की गई है। भवन इतने जर्जर हो चुके हैं कि बारिश व आंधी में कभी भी ढह सकते हैं। ऐसी स्थिति में जनहानि होने से इंकार नही किया जा सकता। शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में वर्षो से सरकारी भवन कंडम हालत में पड़े है, जिनका कोई उपयोग नही हो रहा है। वर्षो से इन कंडम भवनों की ढहाने की मांग की जा रही है, लेकिन कोई कार्रवाई नही हो पा रही है। नहीं की जा रही मरम्मत नगर की ऐसी कई पुरानी प्राचीन इमारते है। जिनकी हालत दिनोदिन दयनीय होती जा रही है। स्थानीय स्तर इस ओर कोई ध्यान नही दिया जा रहा। स्थानीय लोगों का कहना है कि नगर पालिका को शहर क्षेत्र में जो शासकीय इमारते जर्जर हो गए है उनकी मरम्मत करानी चाहिए। साथ ही जो निजी भवन जर्जर हो चुके है उन भवनों के मालिको को नोटिस जारी करने चाहिए। शहर में ऐसी कई इमारते है जो की खंडहर में तब्दील हो गई है। जो कि कभी भी धाराशाई हो सकती है। जिससे हमेंशा हादसे का डर बना रहता है। वही बच्चें प्रतिदिन अक्सर उन खंडहर मकानों में धमाचौकड़ी करते हुए दिखाई देते है।

### भारी पड़ सकती है अनदेखी

शहर व ग्रामीण क्षेत्रो में दर्जनों निजी व शासकीय भवन जर्जर अवस्था में खड़ें हुए है। । कुछ मकानों व शासकीय भवनों की छत पर घास लगी है तो किसी की दीवारों में पेड़ उग आए है। तो वही कुछ तो ऐसे शासकीय भवन है जिनकी कई सालों से छत ही गायब हो गए है। तो कुछ पुराने मकान काफी पुराने हो चुके है। भले ही कई मकान खाली पड़े है लेकिन भवनों के आसपास रहने वाले लोगों की जान हमेशा खतरे में बनी रहती है।

### कलेक्टर ने जारी किए आदेश

कलेक्टर ने आदेश जारी करते हुए कहा कि विदिशा जिले के कुछ प्राथमिक शाला, आंगनवाड़ी, पंचायत भवन एवं अन्य शासकीय कार्यालय की स्थिति जर्जर अवस्था में होने के कारण ऐसे भवनों के गिरने की संभावना बनी रहती है। जिससे दुर्घटना की संभावना रहती है। इस कारण कभी भी कोई अप्रिय स्थिति न बने इसलिये आवश्यक है कि समस्त कार्यालय प्रमुख ऐसे भवनों की जांच कराए। यदि जीर्ण-शीर्ण अवस्था में है तो उनका लोक निर्माण विभाग से आवश्यक मूल्यांकन कराया जाकर उसके विनिष्टीकरण कराए जाने के प्रस्ताव कार्यालय को प्रस्तावित करें। वही उन्होने कहा कि इस कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। यदि निर्देशों के बाद भी किसी प्रकार की कोई घटना घटित होती है तो इसकी जिम्मेदारी संबंधित कार्यालय प्रमुख की होगी।

# नपा के खिलाफ सड़कों पर निकलेगी शिवसेना

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**
शिवसेना उद्धव वाला साहब ठाकरे पक्ष के प्रदेश प्रवक्ता दिनेश विश्वकर्मा ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि नगर पालिका परिषद का गठन 2 वर्ष पूर्व हुआ था, तब नगर पालिका की स्थिति काफी अच्छी थी तथा सड़कों पर काम हुआ करते थे लेकिन नगर पालिका की नई अध्यक्ष प्रीति शर्मा के कार्यकाल में पिछले दो वर्षों में 44 करोड रुपए से अधिक के कार्य कराए जाने की जानकारी जनता के समक्ष रखी गई है जो कार्य नगर पालिका अध्यक्ष ने करने की बात कही है उसमें भारी भ्रष्टाचार की आशंका है,

दो वर्षों में विदिशा शहर की सड़कों की स्थिति इतनी दयनीय हो गई है जो पिछले समय कभी नहीं रही शहर के अंदर मुख्य मार्ग रामलीला चौराहे से रेलवे स्टेशन माधवगंज तक गुलाब वाटिका से माधवगंज तक तिलक चौक से गांधी चौक तक गांधी चौक अस्पताल रोड होकर माधवगंज तक यह सभी मुख्य मार्ग जिन पर मेंटेनेंस कार्य भी नहीं कराए गए ना ही नया डामरीकरण कराया गया, जो बारिश से पूर्व गर्मी के समय पर किए जाने थे उन कार्यों को नहीं कराए जाने के कारण आज शहर की जनता, शहर की शिक्षा अर्जन करने वाले छात्र-छात्राएं, शहर पर चलने वाले वाहन सड़क पर बने 6 इंच से लेकर 8 इंच गहरी तथा दो-दो फीट चौड़े तीन फीट चौड़े गढ़ों में चलकर दुर्घटनाओं के शिकार हो रहे हैं जगह जाम लग रहा है परंतु नगर पालिका अध्यक्ष इसके प्रति रत्ती भर भी गंभीर नहीं है, शिवसेना उद्धव बालासाहेब ठाकरे पक्ष पूर्व से ही जनता की आवाज उठाकर समस्याओं के समाधान के लिए प्रयासरत है नगर पालिका अध्यक्ष के द्वारा दी गई जानकारी में शहर की सड़कों के निर्माण से संबंधित उनके मेंटेनेंस से संबंधित कोई उल्लेख नहीं किया गया है।



# जेवलिन थ्रोअर नीरज ने पेरिस में सिल्वर जीता

## 2 ओलंपिक में मैडल जीतने वाले तीसरे भारतीय

**पेरिस, एजेंसी**

नीरज चोपड़ा ने पेरिस ओलंपिक के जेवलिन थ्रो इवेंट में भारत को सिल्वर मेडल दिलाया। 26 साल के नीरज ने 89.45 मीटर दूर भाला फेंका और दूसरा स्थान हासिल किया। इसी के साथ नीरज लगातार दो ओलिंपिक में मेडल जीतने वाले भारत के तीसरे ही प्लेयर बने। नीरज से पहले रेसलर सुशील कुमार और शटलर पीवी सिंधु ने लगातार दो ओलिंपिक में मेडल जीते थे। पाकिस्तान के अरशद नदीम ने जेवलिन थ्रो के नए ओलंपिक रिकॉर्ड के साथ गोल्ड मेडल जीता। उन्होंने 92.97 मीटर दूर भाला फेंका। अरशद के 2 थ्रो 90 मीटर से ज्यादा के रहे। ग्रेनेडा के एंडरसन पीटर्स ने 88.54 मीटर दूर भाला फेंक कर ब्रॉन्ज मेडल जीता। नीरज की उपलब्धि पर पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा- नीरज एक्सिलेंस के उदाहरण हैं। उन्होंने अपनी प्रतिभा दिखाई है। नीरज की मां बोलीं- हमारे लिए सिल्वर ही गोल्ड जैसा, जिसने गोल्ड जीता वह भी मेरा बेटा है। पिता बोले- इंजरी से परेशानी हुई, नीरज का मेडल विनेश के जज्बे को समर्पित।




### अब नजर नीरज के ओलंपिक तक के सफर पर...

नीरज ने जेवलिन थ्रो की शुरुआत 2010 में 12 साल की उम्र में की। SAI पानीपत में अक्षय चौधरी नीरज के पहले कोच बने थे। अक्षय इस बात से बहुत प्रभावित थे कि नीरज इतनी कम उम्र में बिना किसी ट्रेनिंग के 40 मीटर दूर जेवलिन फेंक लेते थे। चौधरी ने करीब 1 साल तक नीरज को ट्रेनिंग दी। इसके बाद वे ताउ देवीलाल स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स पंचकुला चले गए। पंचकुला में नसीम अहमद ने नीरज को कोचिंग दी। उन्होंने नीरज को जेवलिन के साथ लॉन्ग डिस्टेंस रनिंग की ट्रेनिंग भी, ताकि उनके अंदर और ज्यादा स्टैमिना और एंड्योरेंस डेवलप हो। पंचकुला में नीरज ने तीन बार के ओलिंपिक चैंपियन चेको स्लोवाकिया के जान जेलेनी का वीडियो देखा। उनकी स्टाइल की कॉपी भी की। वे नियमित तौर पर 55 मीटर थ्रो करते थे। इसके बाद उन्होंने 10 मीटर से ज्यादा का इजाफा किया। 2012 में नीरज ने लखनऊ में 68.40 मीटर थ्रो के साथ गोल्ड जीता।

### पहला इंटरनेशनल मैडल 2014 में जीता

नीरज का इंटरनेशनल करियर 2013 में शुरू हुआ। तब उन्होंने यूक्रेन में वर्ल्ड यूथ चैंपियनशिप में हिस्सा लिया था। उन्होंने अपना पहला इंटरनेशनल मेडल 2014 में बैंकॉक में हुए यूथ ओलिंपिक क्वालिफिकेशन में जीता। तब उन्होंने सिल्वर जीता। 2014 के सीनियर नेशनल में नीरज ने पहली बार 70 मीटर का मार्क पार किया। 2015 में नीरज ने पहली बार 80 मीटर से ऊपर का थ्रो किया। उन्होंने 81.04 मीटर का थ्रो किया। यह जूनियर कैटेगरी में वर्ल्ड रिकॉर्ड थ्रो था। 2016 में नीरज पंचकुला में सीनियर कैंप में शामिल किए गए। नीरज चोपड़ा ने 2016 में ही सीनियर लेवल कॉम्पिटिशन में हिस्सा लेना शुरू कर दिया। नीरज चोपड़ा ने 2016 में ही सीनियर लेवल कॉम्पिटिशन में हिस्सा लेना शुरू कर दिया। भारतीय जेवलिन थ्रोअर नीरज चोपड़ा ने पोलैंड में अंडर-20 वर्ल्ड एथलेटिक्स चैंपियनशिप में 86.48 मीटर के थ्रो के साथ गोल्ड जीता था।



### अमन लगाएंगे दांव, मुकाबला रात 9.45 बजे

# आज भारत की नजर रेसलिंग में ब्रॉन्ज मैडल पर

**पेरिस. एजेंसी**

पेरिस ओलंपिक में शुक्रवार यानी आज भारत की नजर 1 ब्रॉन्ज मेडल पर होगी। अमन सहरावत 57 किग्रा कैटेगरी के ब्रॉन्ज मेडल मैच में डरलिन तुई क्रूज के खिलाफ उतरेंगे। आज भारतीय खिलाड़ी 3 इवेंट में हिस्सा लेंगे। मेंस और विमेंस भारतीय टीम 4×400 मीटर रिले रेस में हिस्सा लेगी। जिसका फाइनल 11 अगस्त को खेला जाएगा। गोल्फ विमेंस इंडिविजुअल में अदिति अशोक और दीक्षा डागर एक्शन में होंगी।

### भारत के मुख्य मुकाबलें...

21 साल के अमन 9 अगस्त को रेसलिंग की 57 kg कैटेगरी के ब्रॉन्ज मेडल मैच में हिस्सा लेंगे। अमन प्यूरुटो रिको के रेसलर डरलिन तुई क्रूज के खिलाफ उतरेंगे। बाउट रात 9-45 पर खेला जाएगा। वे पेरिस ओलिंपिक के लिए क्वालिफाई करने वाले इकलौते पुरुष पहलवान हैं। अमन ने प्री-क्वार्टर फाइनल और क्वार्टर फाइनल में शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने प्री-क्वार्टर फाइनल में मैसेडोनिया के व्लादिमीर इगोरोव को 10-0 से हराया। क्वार्टर फाइनल में अल्बेनिया के जेलिमखान अबाकारोव को 12-0 से हराकर से सेमीफाइनल में पहुंचे थे। हालांकि, सेमीफाइनल में जापान के हिगुची के खिलाफ 10-0 से हार गए।

# टेनिस निशिकोरी ने तीन साल बाद पहली जीत दर्ज की

**मॉन्ट्रियाल, एजेंसी**



जापान के केई निशिकोरी ने यहां शानदार प्रदर्शन करते हुए नेशनल बैंक ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष एकल वर्ग के दूसरे दौर में प्रवेश कर लिया। जापानी खिलाड़ी की एटीपी मास्टर्स 1000 में तीन साल बाद यह पहली जीत है। 34 वर्षीय निशिकोरी ने अंतिम-64 में अमरीका के 19 वर्षीय एलेक्स मिशेलसन को 3-6, 7-5, 6-4 से मात दी। अगले दौर में अब उनका सामना यूनान के आठवीं वरीयता प्राप्त खिलाड़ी स्टेफानोस सितसिपास से होगा। अजारेंका आगे बढ़ीं- टूर्नामेंट के महिला एकल में बेलारूस की विक्टोरिया अजारेंका ने रूस की अनास्तासिया पाब्लुचेंकोवा को एक घंटे 17 मिनट तक चले मुकाबले में 6-2, 6-2 से हराया। अजारेंका ने इस टूर्नामेंट में 11 बार हिस्सा लिया है और दो बार अंतिम-4 में पहुंच चुकी हैं। इस बार भी वे अच्छी फॉर्म में हैं।

# 2 नवंबर से होगा आयोजन: पोलैंड की स्टार खिलाड़ी ने चौथी बार किया क्वालीफाई

**फ्लोरिडा. एजेंसी**

विश्व नंबर एक टेनिस खिलाड़ी पोलैंड की इगा स्विटेक 2 से 9 नवंबर तक सऊदी अरब के रियाद में होने वाले सीजन के आखिरी डब्ल्यूटीए फाइनल्स के लिए क्वालीफाई करने वाली पहली खिलाड़ी बन गई हैं। डब्ल्यूटीए ने बुधवार को यह जानकारी दी। पोलैंड की 23 वर्षीय खिलाड़ी की नजरें महिला एकल में अपने खिताब का बचाव करने पर होंगी। पोलैंड की खिलाड़ी ने इस सीजन पेरिस ओलंपिक 2024 में कांस्य पदक के अलावा पांच खिताब जीते हैं और वह लगातार चौथी बार डब्ल्यूटीए फाइनल्स में हिस्सा लेंगी। स्विटेक ने कहा, लगातार चौथे साल डब्ल्यूटीए फाइनल्स के लिए क्वालीफाइ करना सुखद एहसास है। उम्मीद है कि इस टूर्नामेंट में दुनिया की शीर्ष आठ खिलाड़ी अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेंगे।



# बांग्लादेश से टेस्ट सीरीज के लिए पाकिस्तान टीम घोषित

**लाहौर. एजेंसी**

**21 अगस्त से शुरू होगी टेस्ट सीरिज**

बांग्लादेश के खिलाफ 21 अगस्त से शुरू होने वाली दो मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए 17 सदस्यीय पाकिस्तान टीम का ऐलान बुधवार को किया गया है। शान मसूद को कप्तान और सऊद शकील को उपकप्तान बनाया गया है। वहीं बाबर आजम, शाहीन अफरीदी व मोहम्मद रिजवान को बरकरार रखा है।

**पाकिस्तान टीम:** शान मसूद (कप्तान), सऊद शकील (उप-कप्तान), आमिर जमाल (फिटनेस पर निर्भर), अब्दुला शफीक, अबरार अहमद, बाबर आजम, कामरान गुलाम, खुर्रम शहजाद, मीर हमजा, मोहम्मद अली, मोहम्मद हुरैरा, मोहम्मद रिजवान, नसीम शाह, साईम अयूब, सलमान अली आगा, सरफराज अहमद और शाहीन शाह अफरीदी।

**मनोरंजन** **बॉलीवुड का कोना**

# दीपिका पादुकोण का कॉप यूनिवर्स में दिखेगा जलवा, 'मीनम्मा' से लेकर 'शक्ति शेट्टी' तक

आज से ठीक ग्यारह साल पहले रिलीज हुई शाहरुख खान और दीपिका पादुकोण अभिनित फिल्म चेन्नई एक्सप्रेस की 11वीं सालगिरह है। फिल्म में दीपिका ने एक साउथ इंडियन लड़की की भूमिका निभाई थी, जिसका नाम मीनम्मा होता है। मीनम्मा के किरदार से दीपिका ने सभी का दिल जीत लिया था। वहीं अब अभिनेत्री जल्द ही रोहित शेट्टी की आगामी बहुप्रतिक्षित फिल्म सिंघम अगेन में शक्ति शेट्टी के किरदार में नजर आएंगी। दीपिका पादुकोण और शाहरुख खान की फिल्म चेन्नई एक्सप्रेस की रिलीज को आज पूरे 11 साल हो गए हैं। फिल्म का सबसे बेहतरीन हिस्सा दीपिका पादुकोण के द्वारा निभाया मीनम्मा का किरदार था। यह फिल्म 8 अगस्त 2013 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। फिल्म में दीपिका और शाहरुख की केमेस्ट्री को दर्शकों ने खूब पसंद किया था। यह फिल्म सुपरहिट हुई थी। फिल्म चैन्नई एक्सप्रेस में 'मीनम्मा' के किरदार में दीपिका पादुकोण ने सभी का दिल जीत लिया था। इस किरदार में दीपिका पादुकोण बेहद खूबसूरत दिखीं और उनका ड्रेसअप और स्टाइल दर्शकों के दिलों मे आज भी बसा हुआ है। फिल्म की सफलता ने दीपिका और



निर्देशक रोहित शेट्टी को एक मजबूत टीम बना दिया। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, इसी फिल्म के दौरान रोहित शेट्टी और दीपिका की दोस्ती हुई थी। वहीं अब दीपिका अपनी आगामी फिल्म सिंघम अगेन में एक नए किरदार 'शक्ति शेट्टी' के रूप में नजर आएंगी। रोहित शेट्टी ने उन्हें अपने कॉप यूनिवर्स से इंट्रोड्यूस कराते हुए कहा था- नारी सीता का भी रूप है और दुर्गा का भी। इस फिल्म में दीपिका लेडी सिंघम के रूप में नजर आएंगी। इस फिल्म में वह एक निडर और शक्तिशाली पुलिसवाली के रूप में नजर आएंगी। दीपिका पादुकोण और रोहित शेट्टी को एक बार फिर साथ काम करते देखने के लिए इन दोनों के प्रशंसक बेहद उत्साहित हैं। प्रशंसकों का मानना है कि उनकी नई फिल्म सिंघम अगेन शाहरुख खान के साथ चेन्नई एक्सप्रेस जितनी ही शानदार और सुपरहिट होगी।

# एक्टर आयुष्मान खुराना ने छोड़ी सनी देओल की बॉर्डर-2, किरदार से नाखुश थे...

साल 1997 में रिलीज हुई मल्टीस्टारर फिल्म बॉर्डर एक जबरदस्त हिट रही थी, जिसकी सीक्वल फिल्म बॉर्डर 2 की तैयारियां शुरू हो चुकी हैं। इस फिल्म में सनी देओल के साथ-साथ आयुष्मान खुराना के होने की भी खबरें थीं, हालांकि ताजा रिपोर्ट्स की मानें तो आयुष्मान खुराना ने फिल्म छोड़ने का फैसला कर लिया है। एक रिपोर्ट के अनुसार, आयुष्मान खुराना अब बॉर्डर 2 में सनी देओल के साथ काम नहीं करना चाहते हैं। फिल्म में आयुष्मान खुराना को आर्मी सोल्जर का रोल दिया गया था। इस कोलेबोरेशन से आयुष्मान खुराना और बॉर्डर 2 के मेकर्स बेहद खुश थे। हालांकि समय के साथ आयुष्मान खुराना को सनी देओल के साथ सपोर्टिंग रोल निभाने पर डाउट होने लगा। यही वजह है कि उन्होंने फिल्म छोड़ने का फैसला कर लिया है।

**दिलजीत दोसांझ की हो सकती है फिल्म में एंट्री:** रिपोर्ट्स ये भी हैं कि आयुष्मान खुराना के फिल्म से जाने के बाद अब उनकी जगह दिलजीत दोसांझ को दी जा सकती है। दिलजीत दोसांझ को फिल्म के मेकर्स की तरफ से ऑफर मिला है। फिल्म बॉर्डर की 27वीं सालगिरह पर जून 2024 में एक्टर सनी देओल ने बॉर्डर 2 की अनाउंसमेंट की थी।



# अभिनेत्री मीनाक्षी शेषाद्रि ने गिनाए अभिनेताओं के लंबे करियर के कारक



दामिनी, हीरो और घातक जैसी फिल्मों में अपने बेहतरीन अभिनय से दर्शकों का दिल जीतने वालीं अनुभवी अभिनेत्री मीनाक्षी शेषाद्रि अपने हालिया बयान के कारण सुर्खियों में हैं। मिनाक्षी ने हाल ही में इस बात पर अपना दृष्टिकोण साझा किया कि इंडस्ट्री में अभिनेत्रियों की तुलना में पुरुष अभिनेताओं का करियर लंबा क्यों होता है। 1996 में, मीनाक्षी शेषाद्री ने अपने निजी जीवन पर ध्यान केंद्रित करने के लिए फिल्म इंडस्ट्री से किनारा कर लिया और संयुक्त राज्य अमेरिका जा बसीं, लेकिन अब 60 साल की उम्र में वह अभिनय में लौटने के लिए उत्सुक हैं। एक इंटरव्यू में मीनाक्षी शेषाद्रि ने उन मुख्य कारकों पर प्रकाश डाला जो अमिताभ बच्चन, धर्मेंद्र, जीतेंद्र और अनिल कपूर जैसे पुरुष सितारों की स्थायी सफलता में योगदान करते हैं। उन्होंने कहा, ऐसे कई कारण हैं जिनकी वजह से पुरुष कलाकार इंडस्ट्री में लंबे समय तक टिके रहते हैं। धर्मेंद्र, जीतेंद्र और अमिताभ बच्चन की पीढ़ी के साथ भी ऐसा ही है, वे अभी भी इस पर कायम हैं। अभिनेत्री ने अपने बयान को विस्तार में समझाते हुए कहा, एक महत्वपूर्ण कारक घरेलू जिम्मेदारियों का असमान वितरण है। वास्तव में पुरुष घर पर घरेलू कर्तव्य नहीं निभा रहे हैं। इसलिए वे खुद को पूरी तरह से अपने करियर के लिए समर्पित कर सकते हैं। उन्होंने महिला कलाकारों के सामने आने वाली जैविक चुनौतियों पर भी प्रकाश डाला। मीनाक्षी शेषाद्रि ने अपनी बात में आगे जोड़ा, अगला कारण यह है कि उन्हें प्रसव या गर्भावस्था या बच्चों के पालन-पोषण की चिंता नहीं होती है। यह सब महिला की जिम्मेदारी बन जाती है। मीनाक्षी ने कहा कि पुरुष अभिनेताओं की स्थायी लोकप्रियता उनके लंबे करियर के लिए महत्वपूर्ण है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि जनता का स्नेह उनकी निरंतर सफलता में एक महत्वपूर्ण कारक है। मीनाक्षी शेषाद्रि इंडस्ट्री में अपनी दूसरी पारी शुरू करने की योजना बना रही हैं। अभिनेत्री ने कहा था, अपनी दूसरी पारी की शुरुआत करने जा रहीं मीनाक्षी शेषाद्रि कहती हैं, मैं एक नए सोच के साथ अपनी दूसरी पारी को शुरू करना चाहती हूं।



**मेट्रो बाजार**

# सोने की कीमतों में हालिया गिरावट में खरीदारी का मौका

## सोने ने लॉन्ग टर्म में हमेशा बेहतर रिटर्न दिया

**मुंबई, एजेंसी**

हाल ही में सरकार ने सोने पर कस्टम ड्यूटी 15 फीसदी से घटाकर 6 फीसदी कर दी है। इसके बाद घरेलू स्तर पर सोने की कीमतों में भारी गिरावट आई है। ऐसे में निवेशकों के सामने सवाल है कि सोने में नया निवेश करें या नहीं और पुराने निवेश का क्या करें। गोल्ड आमतौर पर लंबी अवधि का निवेश होता है और महंगाई के खिलाफ सुरक्षा प्रदान करता है। इसलिए शॉर्ट टर्म में आई किसी गिरावट से प्रभावित नहीं होना चाहिए। गोल्ड का आउटलुक सकारात्मक बना हुआ है। जिन निवेशकों की फिजिकल गोल्ड और गोल्ड ईटीएफ में होल्डिंग है उन्हें निवेश को बनाए रखना चाहिए। सोने की कीमतों में हालिया गिरावट को खरीदारी के अवसर के रूप में भी देख सकते हैं। सोने में उतार-चढ़ाव का दौर हमेशा रहता है लेकिन लंबी अवधि में सोने ने हमेशा अच्छा रिटर्न दिया है। गोल्ड ने पिछले 30 सालों में औसतन 8-10 फीसदी का वार्षिक रिटर्न दिया है। यह बैंक एफडी की तुलना में काफी अच्छा है। अप्रैल से पहले साल भर में गोल्ड ने करीब 26 फीसदी का रिटर्न दिया है। इसलिए फिलहाल आई गिरावट से घबराने की जरूरत नहीं है। सोने में लंबी अवधि के रिटर्न का टारगेट लेकर चलें और फिलहाल निवेश को होल्ड करके रखें। त्योहारी सीजन की खरीदारी, डॉलर में कमजोरी, अमेरिकी चुनाव, अमेरिकी फेडरल रिजर्व की ब्याज दरो में कटौती की अनिश्चितता और मध्य-पूर्व में तनाव, यूक्रेन-रूस के बीच जारी युद्ध जैसी स्थितियों के अलावा महंगाई से सुरक्षित निवेश विकल्प के रूप में गोल्ड की डिमांड और खरीदारी बढ़ने से सोने की अंतरराष्ट्रीय और घरेलू कीमतों में तेजी आ सकती है। इस समय तुलनात्मक रूप से कम कीमत पर सोने में निवेश का मौका मिल रहा है। क्योंकि सोने में सरकार की ओर से कस्टम ड्यूटी तो कम हुई है लेकिन ऐसी तमाम चुनौतियां अभी भी बनी हुई हैं जो भविष्य में सोने की कीमतों में गिरावट के बजाय बढ़ोतरी की ओर इशारा करती हैं।



# जल्द क्लियर होगा चेक, अभी 2 दिन लगते हैं आरबीआई गवर्नर बोले- कुछ ही घंटों में फंड मिलेगा

**नईदिल्ली, एजेंसी**

आरबीआई ने चेक क्लियरिंग साइकिल को टी+1 दिन से घटाकर कुछ घंटों के भीतर करने का प्रस्ताव दिया है। गवर्नर शक्तिकांत दास ने 8 अगस्त को मॉनेटरी पॉलिसी कमेटी के स्टेटमेंट के दौरान इसकी जानकारी दी। चेक ट्रंकेशन सिस्टम वर्तमान में 2 वर्किंग डे के क्लियरिंग साइकिल के साथ चेक प्रोसेस करता है। इसके लिए बैच क्लियरिंग अप्रोच अपनाई जाती है, इसे बदलकर कंटीन्यूअस क्लियरिंग किया जाएगा। यानी, बिजनेस आवर्स में चेक क्लियरिंग की प्रोसेस लगातार चलती रहेगी। चेक ट्रंकेशन सिस्टम में चेक स्कैन होता है, प्रस्तुत होता है और पास हो जाता है। आरबीआई जल्द ही इस नए सिस्टम पर डीटेल्ड गाइडलाइन जारी करेगी। कंटीन्यूअस क्लियरिंग से चेक ट्रांजैक्शन एफिशिएंसी बढ़ने की उम्मीद है। ग्राहकों का एक्सपीरिएंस भी बढ़ेगा, क्योंकि अकाउंट होल्डर्स को कुछ ही घंटों में फंड मिल जाएगा। इस बदलाव से चेक-बेस्ड ट्रांजैक्शन से जुड़ी अनिश्चितताओं को कम करने की उम्मीद है। चेक ट्रंकेशन सिस्टम चेक को क्लियर करने की एक प्रक्रिया है। इसमें जारी किए गए फिजिकल चेक को एक जगह से दूसरी जगह घूमना नहीं पड़ता है, बल्कि चेक की फोटो लेकर ही उसे क्लियर कर दिया जाता है। असल में पुरानी व्यवस्था में चेक जिस बैंक में प्रस्तुत किया जाता है, वहां से अदाकर्ता बैंक शाखा भेजा है। इस तरह इसे क्लियर होने में समय लगता है।

# शराब के लिए अड़ीबाजी कर युवक पर किया ब्लेड से हमला

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

टीटी नगर थाना क्षेत्र स्थित सुनहरी बाग में शराब के लिए अड़ीबाजी कर रहे दो अड़ीबाजों ने युवक पर ब्लेड से हमला कर दिया। ब्लेड गाल के पास लगने से युवक को गंभीर चोट आई है। पुलिस ने युवक की शिकायत पर दोनों अड़ीबाजों के खिलाफ, अड़ीबाजी मारपीट और धारदार हथियार से हमला करने का मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार सुनहरी बाग निवासी अर्जुन चंदेल, प्राईवेट काम करते हैं। उसने पुलिस को शिकायत करते हुए बताया कि 7 अगस्त बुधवार रात करीब साढ़े 8 बजे वह कौरव समाज भवन के सामने सुनहरी बाग में खड़ा था। तभी वहां रम्मू उर्फ रमीज पठान व सद्दू पहुंचे। दोनों ने शराब पीने के लिए उससे 500 रुपए की मांग की थी। पैसे देने से अर्जुन ने मना किया तो सद्दू ने उसे पकड़ लिया, जबकि रम्मू उर्फ रमीज ने कटर की ब्लेड से मेरे मुंह के पास गाल पर बांए तरफ मार दिया। ब्लेड लगने से उसे गंभीर चोट आई है। दोनो जाते -जाते बोल रहे थे कि अगर पुलिस थाने में रिपोर्ट की तो तुझे जान से खत्म कर देगें।




## स्टेशन बजरिया में शिव मंदिर से चोरी

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** स्टेशन बजरिया स्थित एक शिव मंदिर का ताला तोड़कर चोर तांबे का कलश, दो माइक, तीन यूनिट मशीन समेत अन्य सामान चोरी कर ले गए. पुलिस के मुताबिक विजय नगर चांदबड़ में रहने वाले ओमप्रकाश कुरील पोस्ट आफिस के रिटायर्ड कर्मचारी हैं। उनके घर के सामने शिवजी का मंदिर है, जिसकी वह देखभाल करते हैं। मंगलवार रात करीब दस बजे ओमप्रकाश मंदिर का ताला लगाकर घर चले गए थे। बुधवार सुबह करीब 5 बजे पहुंचे तो मंदिर के साइड वाला ताला टूटा मिला। अंदर जाकर देखा तो कमरे में रखा सामान नहीं था। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। चोरी गए सामान की कीमत करीब 9 हजार रुपए बताई गई है।

## मोबाइल दुकान से हजारों का सामान चोरी

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

जहांगीराबाद स्थित एक मोबाइल दुकान से चोर एसेसरीज समेत हजारों रुपए का सामान चोरी कर ले गए। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। पुलिस के मुताबिक बरखेड़ी जहांगीराबाद निवासी शादाब खान रशीदिया स्कूल के पास मोबाइल एसेसरीज की दुकान चलाता है। बीती 6 अगस्त की रात करीब 11 बजे वह दुकान बंद कर घर चला गया था। बुधवार सुबह एक दोस्त ने सूचना दी कि दुकान के पीछे वाली पन्नी फटी हुई है। शादाब दुकान पर पहुंचा तो पूरा सामान बिखरा पड़ा था। चेक करने पर दुकान पर रखा मोबाईल एसेसीरीज का सामान जिसमें सैमसंग कंपनी का मोाबइल चार्जर 2 नग, एप्पल कंपनी का अडाफ्टर 3 नग, सिग्नेचर कंपनी का नेक बेण्ड 2 नग, वीवो कंपनी का डाटा केवल 1 नग, सैमंसग कंपनी का डाटा केवल 2 नग समेत अन्य सामान नहीं था। आसपास तलाश करने के पर भी जब सामान नहीं मिला तो शादाब ने थाने जाकर चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने चोरी गए सामान की कीमत 8 हजार रुपए आंकी है।



## मारपीट की शिकायत वापस लेने युवती को धमकाया

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

पिता से मारपीट करने का केस वापस लेने आरोपी द्वारा बेटी पर दबाव बनाने का मामला सामने आया है। आरोपी अपने मोबाइल नंबर के अलावा परिवार के मोबाइल नंबर का इस्तेमाल कर युवती को केस वापस लेने और बात नहीं मानने पर जान से मारने की धमकी दे रहा था। ऐशबाग पुलिस ने युवती की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है।


पुलिस के अनुसार अल्फिया खान पिता युसुफ खान (19) हाउसिंग बोर्ड कालोनी, ऐशबाग में रहती है और प्राइवेट काम करती है। उसने पुलिस को शिकायत करते हुए बताया कि 6 अगस्त को रिंकू ठाकुर ने उसके पिता युसुफ खान से गालीगलौज करते हुए मारपीट की थी। घटना की शिकायत पिता ने ऐशबाग थाने में दर्ज कराई। इस बात से नाराज रिंकू ठाकुर अल्फिया को कॉल कर धमकी देने लगा। 7 अगस्त की रात वह अपने घर पर थी। रात करीब 10 बजे उसके पिता के मोबाइल पर रिंकू ठाकुर ने अपनी मम्मी के मोबाइल नंबर से कॉल किया। कॉल अल्फिया ने रिसीव किया। रिंकू ठाकुर ने केस वापस लेने की बात कही और कहने लगा कि तुम लोगो ने जो मेरी पुलिस में शिकात की है उसे वापस ले लो। यदि केस वापस नहीं लोगों तो जान खत्म कर दूंगा।



## कॉलेज की छात्रा ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

गांधी नगर थाना क्षेत्र स्थित शासकीय स्कूल के पीछे विकास नगर में कॉलेज की छात्रा ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के लिए?मर्चूरी भेज दिया था। आज शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस का कहना है कि परिजन ने प्राथमिक पूछताछ में ऐसा कुछ भी नहीं बताया है, जिसे आत्महत्या का कारण माना जा सके। पुलिस ने छात्रा का मोबाइल जब्त किया है। साथ ही उसके साथ कॉलेज में पढ़ने वाली छात्राओं से पूछताछ करेगी। पुलिस के अनुसार विनिता पिता विनोद (20) शासकीय स्कूल के पीछे विकास नगर, गांधी नगर में रहती थी और कॉलेज में फर्स्ट ईयर की पढ़ाई कर रही थी। परिजन ने बताया कि कल गुरुवार शाम विनिता ने अपने कमरे में फांसी लगा ली थी। नजर पड़ते ही वह उसे फंदे से उतारकर निजी अस्पताल लेकर पहुंचे, वहां?डॉक्टर ने प्राथमिक जांच में ही उसे मृत घोषित कर दिया।



## बाइक और स्कूटर को कार ने मारी टक्कर, 4 घायल

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

टीटी नगर स्थित गीतांजलि चौराहे पर एक तेज रफ्तार कार ने बाइक और स्कूटर को टक्कर मार दी। इस हादसे में दोनों दोपहिया वाहनों पर सवार चार युवकों को चोट आई है। पुलिस ने टक्कर मारने वाले कार चालक के खिलाफ केस दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक सुनील मालवीय (45) यूनिक कालेज के पीछे जवाहर चौक पर रहता है और शबरी नगर कोटरा में कपड़े प्रेस करने की दुकान चलाता है. बुधवार की रात वह अपने दोस्त मुकेश काकोडिय़ा को बाइक से छोडऩे के लिए कोटरा जा रहा था। उसके साथ दूसरी स्कूटर पर दोस्त नरेश मालवीय और सोनू मालवीय भी साथ जा रहे थे। रात करीब साढ़े 9 बजे चारों युवक गीतांजलि चौराहा पहुंचकर कोटरा की तरफ मुड़ने लगे, तभी पीछे से आ रही एक तेज रफ्तार कार उनकी बाइक और स्कूटर को टक्कर मारते हुए निकल गया। कार की टक्कर से बाइक और स्कूटर सवार चारों युवक सड़क पर गिरकर घायल हो गए। आसपास के लोगों ने उन्हें उठाया और टक्कर मारने वाली कार का नंबर बताया। देर रात सुनील ने टीटी नगर थाने पहुंचकर एक्सीडेंट की रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस कार और चालक की तलाश कर रही है।





**शपथ ग्रहण समारोह**

**भोपाल।** प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में युवक कांग्रेस के स्थापना दिवस पर शपथ ग्रहण समारोह किया गया।

## बस ने कार को सामने से मारी टक्कर

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

गौतम नगर इलाके में एक यात्री बस ने सामने से आ रही कार को टक्कर मार दी, जिससे कार को काफी नुकसान पहुंचा। पुलिस के मुताबिक अमित लोधी (25) ग्राम पठारी, तहसील गैरतगंज जिला रायसेन में रहता है और किसानी करता है। बुधवार की शाम करीब पौने सात बजे वह अपनी कार से भाई प्रमोद लोधी के घर शिव नगर करोंद मंडी जा रहा था। गणेश मंदिर के मोड़ पर सामने से आ रही यात्री बस ने ड्रायवर साइड कार में टक्कर मार दी, जिससे कार क्षतिग्रस्त हो गई. पुलिस ने टक्कर मारने वाले बस चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।



## कार की टक्कर से ऑटो पलटा, 3 घायल

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

कमला नगर इलाके में रॉंग साइड से आ रही एक तेज रफ्तार कार ने आटो को टक्कर मार दी, जिससे आटो पलट गया। इस हादसे में चालक समेत तीन लोगों को चोट आई है। पुलिस ने टक्कर मारने वाले कार चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस के मुताबिक शंभूदयाल सक्सेना (52) सर्वधर्म ए-सेक्टर कालोर रोड पर रहते हैं और सवारी आटो चलाते हैं। मंगलवार शाम करीब साढ़े 7 बजे वह राहुल नगर स्थित एक निजी अस्पताल से मरीज को लेकर अंबेडकर नगर छोड़ने जा रहे थे। वह अम्बेडकर नगर स्थित बस स्टाप के सामने से निकल रहे थे, तभी गलत दिशा से आ रही एक कार ने उनके आटो को टक्कर मार दी, जिससे आटो पलट गया। इस हादसे में शंभूदयाल के साथ ही आटो में बैठी सवारी राधिका और रामकिशन को चोट आई। पुलिस ने टक्कर मारने वाले कार चालक के खिलाफ एक्सीडेंट का केस दर्ज कर लिया है।




**मेट्रो एंकर** | **परवलिया स्थित कॉलेज के पास की घटना**

# परवलिया में तेज रफ्तार डंपर ने बाइक सवार किसान को कुचला, मौत

**भोपाल, दोपहर मेट्रो। परवलिया सड़क इलाके में गुरुवार की शाम एक तेज रफ्तार डंपर ने बाइक सवार किसान को कुचल दिया। गंभीर रूप से घायल किसान को इलाज के लिए हमीदिया अस्पताल पहुंचाया गया, वहां डॉक्टर ने चेक करने के बाद मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस टक्कर मारने वाले डंपर की तलाश की जा रही है।**

पुलिस के अनुसार जगन्नाथ मेहर (40) ग्राम परवलिया में रहते थे। वह खेती किसानी के साथ ही मजदूरी करते थे। गुरुवार को जगन्नाथ भोपाल से अपने घर की तरफ लौट रहे थे। परवलिया स्थित कालेज के पास एक तेज रफ्तार डंपर ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से जगन्नाथ सड़क पर गिरे तो डंपर का पहिया पैरों पर से गुजर गया। गंभीर रूप से घायल जगन्नाथ को इलाज के लिए हमीदिया पहुंचाया गया, वहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। चक्कर आने से गिरे युवक की मौत रायसेन जिले के बामनखेड़ा में रहने वाला राजू धाकड़ (41) इलाज के लिए एम्स अस्पताल पहुंचा था। यहां वह अचानक चक्कर आने से गिर पड़ा। उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने चेक करने के बाद मृत घोषित कर दिया। अस्पताल से मिली सूचना के बाद बागसेवनिया पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पीएम के लिए भेज दिया। इधर, कोतवाली पुलिस ने इकबाल मैदान रोड के पास 70 साल की अज्ञात महिला का शव बरामद किया। इसी प्रकार पिपलानी पुलिस ने इंद्रपुरी स्थित आपूर्ति के पास तीस वर्षीय अज्ञात युवक की लाश बरामद की। दोनों ही मामलों में मर्ग कायम कर शवों को पीएम के लिए भेज दिया है।





स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **प्रधान संपादक राजेश सिरोठिया संपादक आशीष दुबे*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 ( *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-4917524, 2972022